आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

चेतना मंच

आ रहे हैं 'राम'

वर्ष : 26 | अंक : 28 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 18 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

गर्भगृह में आसन पर विराजे रामलला

क्रेन से मंदिर में लाई गई रामलला की मूर्ति

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा को अब सिर्फ 4 दिन बाकी रह गए हैं। रामजन्मभूमि पर बने भगवान राम के मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी नजदीक है। इससे पहले राम मंदिर परिसर में रामलला पधार चुके हैं। आज मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राम मंदिर पर डाक टिकट की एक बुक भी जारी की।

अयोध्या में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तरफ से कुछ पोस्टर्स लगाए जा रहे हैं। इन पोस्टर्स में उन लोगों की तस्वीरें हैं, जिन्होंने जन्मभूमि आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाई थी। इसमें देवरहा बाबा से लेकर रामचन्द्र दास परमहंस, महंत अवैद्यनाथ, अशोक सिंघल, गिरिराज किशोर, राजमाता सिंधिया, गोपाल सिंह विशारद जैसे मुख्य लोगों के नाम और तस्वीरें हैं।

गर्भगृह में स्थापित किया गया श्रीराम यंत्र

अयोध्या जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले गर्भगृह में श्रीराम यंत्र स्थापित कर दिया गया है। आज 12:45 से विग्रह को गर्भगृह के चबूतरे पर रखने का पूजन शुरू हुआ। उसके बाद रामलाल की प्रतिमा रखी गई। देर रात रामलला की मूर्ति गर्भगृह में पहुंची। आज इसी मूर्ति को गर्भगृह में रखा गया। बुधवार रात को क्रेन की मदद से रामलला की मूर्ति को राम मंदिर परिसर के अंदर ले जाया गया। जिसमें पूरी सावधानी बरती गई।

श्रीराम मंदिर पर पीएम ने जारी की टिकटों की किताब

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक आज जारी की। डिजाइन के घटकों में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर और उसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई डाक टिकटों की बुक में कुल 6 टिकटें हैं। जिनमें राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और माँ शबरी के चित्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई



गन्ना किसानों को योगी सरकार का तोहफा

गन्ने की तीनों किस्मों पर 20 रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आज प्रदेश के गन्ना किसानों को तोहफा दिया है। गन्ने की कीमतों में बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे किसानों की मांग को शासन ने मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने गन्ना किसानों को तोहफा दिया है। कैबिनेट ने गन्ना मूल्य में 20 रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इसके तहत गन्ने की तीनों ही किस्मों में 20 रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

इसके पहले गन्ना मूल्य को लेकर प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 2021 में भी 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की थी। वर्तमान में सामान्य गन्ने का मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल और अगेती प्रजापति (शेष पृष्ठ-4 पर)

मुख्य प्रस्तावों को मंजूरी

- सेमी कंडक्टर नीति को भी मंजूरी दे दी है।
- चौरी-चौरा के नाम पर होगा मुंडेरा नगर पंचायत का नाम
- उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन को राज्य एवं स्थानीय कर, संपत्ति कर, गृहकर, सर्विस चार्ज, जलकर, विज्ञापन कर और पार्किंग शुल्क में छूट की मंजूरी दे दी गई है।
- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुसार, कैबिनेट ने तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी मंजूरी दी है।

सड़क हादसों में दो की दर्दनाक मौत

नोएडा (चेतना मंच)। बेलगाम वाहनों की चपेट में आने से अलग-अलग स्थान पर दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने हादसे के आरोपी चालकों को हिरासत में ले लिया है। मूल रूप से सिवान बिहार निवासी गामा यादव अपने परिजनों के साथ हाल में रूपवास गांव में किराए पर रह रहे हैं। बीती शाम वह अपने पोती आंचल के साथ सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गामा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि उनकी पोती को (शेष पृष्ठ-4 पर)

बोटैनिकल गार्डन मल्टी लेवल पार्किंग से दो कार चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। बोटैनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग में एक कार डीलर के यार्ड से दो कारें चोरी होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। कार डीलर ने इस यार्ड में करीब 800 नई गाड़ियां स्टॉक में खड़ी की हुई है।

सेक्टर-5 स्थित सागर मोटर्स के महाप्रबंधक वीरेंद्र सिंह खारी ने बताया कि उनके पास टाटा मोटर की अधिकृत डीलरशिप है। उनकी कई डीलरशिप एनसीआर और पूर्वी दिल्ली में भी हैं। इन सभी शोरूम के लिए वह नई गाड़ियों का स्टॉक शोरूम के आसपास ही रखते हैं। उनका मुख्य स्टॉक यार्ड बोटैनिकल गार्डन मल्टी लेवल पार्किंग में द्वितीय तल पर है। यहां पर उनकी लगभग 800 कार स्टॉक में खड़ी

रहती हैं। बीते 24 दिसंबर को स्टाफ ने जब यार्ड में खड़ी कारों की गिनती की तो उसमें से टाटा पंच तथा टाटा अल्ट्रोज गाड़ी गायब थी। उन्होंने कार गायब मिलने पर अपने सभी स्टाफ, यार्ड शोरूम वर्कशॉप में उन्हें तलाशने का प्रयास किया लेकिन दोनों कारों का कोई पता नहीं चला।

वीरेंद्र सिंह खारी ने बताया कि रिकॉर्ड के मुताबिक दोनों कारों की अंतिम उपलब्धता बोटैनिकल गार्डन मल्टी लेवल पार्किंग की है। दोनों कार न मिलने पर उन्होंने 31 दिसंबर को (शेष पृष्ठ-4 पर)

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष व महासचिव के जारी होंगे प्राधिकरण में प्रवेश पास

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के सभी आरडब्ल्यूए अध्यक्षों तथा महासचिवों का अब बेरोकटोक के नोएडा प्राधिकरण में प्रवेश सुलभ हो जाएगा। फोनरवा द्वारा सभी लोगों के पास बनवाये जा रहे हैं।

फोनरवा के महासचिव के.के. जैन ने बताया कि सभी आरडब्ल्यूए के अध्यक्षों तथा महासचिवों से पास के लिए फोटोग्राफ पद, आवासीय पता, मोबाइल नंबर

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

आदि का विवरण मांगा गया है। ये सभी विवरण नोएडा प्राधिकरण को दिए जाएंगे तथा प्राधिकरण से सभी का पास बनेगा ताकि ये लोग कभी भी बेरोकटोक नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में प्रवेश कर सकें।

भेदभाव बिना योजनाओं का दिया गया लाभ : पंकज सिंह

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह ने कहा कि केंद्र तथा उत्तर प्रदेश की सरकार ने अभी तक जितनी जनकल्याणकारी योजनाएं दी है इतनी आज तक कोई भी सरकार नहीं दे पाई है। हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के चलाई गई जन (शेष पृष्ठ-4 पर)

छिजारसी के पास नाले में मिला शव

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी गांव के पास नाले से आज सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस दुर्घटनावश नाले में गिरने की वजह से युवक की मौत का कारण बता रही है। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि छिजारसी से गांव के पास नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर उसकी पहचान कराई। युवक की पहचान आगरा निवासी सुनील पुत्र विजयपाल के रूप में हुई। सुनील हाल में सेक्टर-63 की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

दूल्हे की बारात में आए ताऊ से बदमाशों ने लूटा बैग

नोएडा (चेतना मंच)। भतीजे की बारात में शामिल होने के लिए आए एक व्यक्ति से बीती रात्रि इलाहाबास गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने रूपयों से भरा बैग लूट लिया। बैग में ढाई लाख रुपए रखे हुए थे। पीड़ित ने थाना फेज-2 में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कराया है।

ग्राम गिझोड़ निवासी संजय प्रधान ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपने छोटे भाई सुदर्शन शर्मा के बेटे यश की शादी में शामिल होने के लिए बीती रात्रि इलाहाबास गांव आ रहा था। रात्रि करीब 8.30 बजे बारात की चढ़त का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान वह इलाहाबास पुश्ते के नीचे गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर

अपनी कार खड़ी कर लघु शंका करने लगे। उन्होंने पैसों से भरा बैग अपने बगल में दबा रखा था। इस दौरान सेक्टर 85 की तरफ से स्प्लेंडर बाइक पर आए दो युवक उनके बैग को छीनकर मौके से फरार हो गए उन्होंने शोर मचा कर बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया। लेकिन डीजे की आवाज में उनके चिल्लाने की आवाज किसी ने नहीं सुनी। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे जतिन को घटना के बारे में बताया। संजय प्रधान के मुताबिक बैग में ढाई लाख (शेष पृष्ठ-4 पर)

पिता का दोस्त बनकर ठगा

नोएडा (चेतना मंच)। साइबर ठग ने खुद को युवती के पिता का दोस्त बताकर उसके खाते से 22 हजार रूपए निकाल लिए। पीड़िता के पिता ने थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है। सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले लाल चौहान ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते दिनों उसकी बेटी के मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उक्त व्यक्ति ने बताया कि वह उसके पिता का दोस्त है और उसे कुछ पैसे वापस लौटते हैं। पैसे वापस देने के नाम पर उक्त व्यक्ति ने उनकी बेटी से कुछ जानकारियां ले ली इसके बाद उनकी बेटी के खाते से दो बार में 22 हजार रूपए निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उन्होंने तुरंत अपनी बेटी के खाते को सीज कराया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

नोएडावासियों को मिलेगी 500 करोड़ की सौगात!

आकर्षण का केन्द्र रहेगी नोएडा के अब तक के विकास के सफर की गैलरी

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के स्थापना यानी यूपी दिवस पर नोएडा प्राधिकरण करीब 500 करोड़ रूपये की सौगात देगा। सेक्टर-33ए स्थित शिल्पहाट में 24-26 तक आयोजित होने वाले यूपी दिवस पर करीब 500 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण किया जाएगा।

इस बार यहां परियोजनाओं के लोकापर्ण और शिलान्यास के अलावा स्कूलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिल्प कारों के स्टॉल, लोक कार्यक्रम जिसमें लोक गीत, फोक डांस और प्रदेश की विरासत को दिखाया जाएगा।

इस मौके पर नोएडा की 1976 से लेकर अब तक की सफर यात्रा की गैलरी सभी (शेष पृष्ठ-4 पर)

इनका होगा लोकार्पण

- नोएडा ग्रेटरनोसएडा एक्सप्रेस के 2.36 किमी चैनेज पर अंडरपास का लोकार्पण 84.61 करोड़
- सेक्टर-21 में मुख्य नाले का सुदृढीकरण व ढकने का काम 5.29 करोड़
- सेक्टर-82 में केंद्रीय विहार पॉकेट-7 एंव पॉकेट-12 के सामने आरसीसी नाले को कवर करने का कार्य 4.79 करोड़
- एफएनजी मार्ग पर चैनेज 2500 से 4200 मीटर तक सुदृढ़ीकरण का कार्य 4.25 करोड़
- सेक्टर-27 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण का कार्य 3.44 करोड़

इन योजनाओं का होगा शिलान्यास

- सेक्टर-146 व 147 के बीच 45 मीटर चौड़ी सड़क से हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल होते हुए ग्रेटरनोएडा नॉलेज पार्क-3 को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण करीब 31.15 करोड़
- मार्ग संख्या-6 पर सेक्टर-61 अंडरपास से एनएच-24 तक सड़क सुदृढ़ीकरण का काम 5.84 करोड़
- सेक्टर-82 बस टर्मिनल से सेक्टर-82 पुलिस चौकी तक आरसीसी नाले का सुदृढ़ीकरण का काम 4.05करोड़
- सेक्टर-34 से भूखंड संख्या ए-94 के साथ सड़क चौड़ीकरण 2.48 करोड़
- शशि चौक से महामाया फ्लाईओवर के समीप सेक्टर-44 यू टर्न तक एमपी-3 का काम 2.31 करोड़

एचसीएल साइक्लोथॉन का आयोजन 24 को

नोएडा (चेतना मंच)। 24 जनवरी को दूसरी बार एचसीएल साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर साइक्लिंग फेडरेशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष तथा नोएडा के विधायक पंकज सिंह, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं एचसीएल कॉर्पोरेशन (स्ट्रेटजी) के अध्यक्ष सुंदर महालिंगम मौजूद रहेंगे।

इस कार्यक्रम का अयोजन साइक्लिंग फेडरेशन ऑफइंडिया तथा उप्र सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उप्र सरकार के क्रीडा एवं युवा कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार शिरकत करेंगे।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

बदलता देश

पिछले कुछ वर्षों से भारत अपनी पहचान और यथार्थ को लेकर अधिक संवेदनशील हुआ है। इस कारण देशज उपकरणों और शब्दावली के माध्यम से भारतीय यथार्थ को समझने की व्यग्रता बढ़ी है। यह व्यग्रता औपनिवेशिक आधिपत्य वाले विमर्श की सीमाओं और क्षुद्रताओं को तो उजागर कर ही रही है, भारतीय हितों, संघर्षों और अंतर्द्वन्द्वों को नए सिरे से परखने की कोशिश भी कर रही है। इस कोशिश में सबसे प्रमुखता के साथ जो तथ्य उभरकर सामने आता है, वह यह है कि सैकड़ों सालों का मजहबी और औपनिवेशिक बोझ भारतीय पहचान के प्रति आकर्षण कम नहीं कर सका है। और यह भी कि मजहबी और औपनिवेशिक खांचों में फंसा भारतीय हिस्सा भी अब यह समझने लगा है कि उसके हितों और पहचान का अभिकेन्द्र कहीं बाहर नहीं बल्कि भारत और भारतीयता ही है। जम्मू-कश्मीर के ख्यातिलब्ध विद्वान और प्रसिद्ध भारतविद प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री की नई पुस्तक 'कश्मीर का रिसता घाव = एटीएम बनाम डीएम का संघर्ष' मुसलमानों के भारतीय यथार्थ को नई शब्दावली और उपकरणों के माध्यम से समझने की एक ऐसी ही कोशिश है। प्रो. अग्निहोत्री ने भारतीय मुसलमानों को मोटे तौर पर दो वर्गों में विभक्त कर मुसलमानों की आंतरिक दुनिया में झांकने की कोशिश की है। वह विदेशी नस्ल के मुसलमानों को एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल) कहते हैं और भारतीय मूल के मुसलमानों को डीएम (देशी मुसलमान) के नाम से संबोधित करते हैं। इस शब्दावली के माध्यम से उन्होंने मोटे तौर पर सम्पूर्ण भारत और विशेष रूप में जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों की सामाजिक-सांस्कृतिक गत्यात्मकता को समझने की कोशिश की है। उनका मानना है कि मुसलमानों को एक समूह और एटीएम को मुसलमानों का प्रतिनिधि मानने से राजनीतिक और अकादमिक स्तर पर मुसलमानों की वास्तविक स्थिति देश के सामने नहीं आ पाई है। इस न्यूनता के कारण जहां साम्प्रदायिक संघर्षों की प्रकृति को समझने में नीति नियंता प्राय: विफल हो जाते हैं और आर्थिक स्तर पर लक्षित समूहों तक योजनाओं का लाभ पहुंच पाता है और न ही उनके सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठ पाते हैं। इससे भी बड़ी बात यह कि एटीएम को मुसलमानों का प्रतिनिधि मानने से देशज मुसलमानों को उनकी भारतीय संबद्धता से एकदम से काटने के प्रयास किए जाते हैं। वह कहते हैं, जब भी भारत में मुसलमानों का अध्ययन किया जाता है तो एटीएम बनाम डीएम को जोडक़र भारतीय मुसलमान कह दिया जाता है। इतना ही नहीं, इस प्रकार के अध्ययनों में केस स्टडी के लिए एटीएम को ही लिया जाता है, लेकिन उसके निष्कर्षों से डीएम या देसी मुसलमानों को शिकार बनाया जाता है। इस प्रकारा देसी मुसलमान एटीएम के नीचे दब जाता है। उनका मानना है कि जम्मू-कश्मीर का प्रश्न हिन्दू-मुस्लिम से अधिक एटीएम बनाम डीएम का प्रश्न है। यदि इस संघर्ष के कारणों और उपकरणों की ठीक ढंग से पहचान कर ली जाए तो जम्मू-कश्मीर के प्रश्न के समाधान में तो सहयोग मिलेगा ही, सम्पूर्ण भारत में साम्प्रदायिकता की समस्या से निपटने में भी मदद मिलेगी। इस पुस्तक में इन दोनों समुदायों के टकराव, उसके विविध पड़ावों, उसमें अपनाई जाने वाली रणनीतियों का विश्लेषण किया गया है। टकराव का मुख्य बिंदु यह है कि विदेशी मुसलमानों का वर्ग देशी मुसलमानों से उनकी प्रत्येक पहचान को छीनकर अपने खांचे में ढालने के लिए प्रयास करता है। कश्मीर को देशज दृष्टि से समझना होगा।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि फिर श्री रामजी के राज्याभिषेक का प्रसंग फिर राजा दशरथजी के वचन से राजरस (राज्याभिषेक के आनंद) में भंग पड़ना, फिर नगर निवासियों का विरह, विषाद और श्री राम-लक्ष्मण का संवाद (बातचीत) कहा।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

बिपिन गवन केवट अनुरागा। सुरसरि उतरि निवास प्रयागा॥
बालमीक प्रभु मिलन बखाना। चित्रकूट जिमि बसे भगवाना॥
श्री राम का वनगमन, केवट का प्रेम, गंगाजी से पार उतरकर प्रयाग में निवास, वाल्मीकिजी और प्रभु श्री रामजी का मिलन और जैसे भगवान चित्रकूट में बसे, वह सब कहा॥
सचिवागवन नगर नृप मरना। भरतागवन प्रेम बहु बरना॥
करि नृप क्रिया संग पुरबासी। भरत गए जहाँ प्रभु सुख रासी॥
फिर मंत्री सुमंत्रजी का नगर में लौटना, राजा दशरथजी का मरण, भरतजी का (ननिहाल से) अयोध्या में आना और उनके प्रेम का बहुत वर्णन किया। राजा की अन्त्येष्टि क्रिया करके नगर निवासियों को साथ लेकर भरतजी वहाँ गए जहाँ सुख की राशि प्रभु श्री रामचंद्रजी थे॥
पुनि रघुपति बहु बिधि समुझाए। लै पादुका अवधपुर आए॥
भरत रहनि सुरपति सुत करनी। प्रभु अरु अत्रि भेंट पुनि बरनी॥
फिर श्री रघुनाथजी ने उनको बहुत प्रकार से समझाया, जिससे वे खड़ाऊँ लेकर अयोध्यापुरी लौट आए, यह सब कथा कही। भरतजी की नन्दीग्राम में रहने की रीति, इंद्रपुत्र जयंत की नीच करनी और फिर प्रभु श्री रामचंद्रजी और अत्रिजी का मिलाप वर्णन किया॥
दो0-कहि बिराध बध जेहि बिधि देह तजी सरभंग।
बरनि सुतीछन प्रीति पुनि प्रभ अगस्ति सतसंग॥
जिस प्रकार विराध का वध हुआ और शरभंगजी ने शरीर त्याग किया, वह प्रसंग कहकर, फिर सुतीक्ष्णजी का प्रेम वर्णन करके प्रभु और अगस्त्यजी का सत्संग वृत्तान्त कहा॥
कहि दंडक बन पावनताई। गीध मइत्री पुनि तेहिं गाई॥
पुनि प्रभु पंचबटीं कृत बासा। भंजी सकल मुनिन्ह की त्रासा॥
दंडकवन का पवित्र करना कहकर फिर भुशुण्डिजी ने गृध्रराज के साथ मित्रता का वर्णन किया। फिर जिस प्रकार प्रभु ने पंचवटी में निवास किया और सब मुनियों के भय का नाश किया,॥

क्रमश:

सोमनाथ से अयोध्या तक... तुष्टिकरण की राजनीति पर कायम है कांग्रेस

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगी। कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है।

इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्द गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर का पुन: निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए।

वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हुए केवल तुष्टिकरण का ही सहारा लिया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है।

हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर था।

वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है।

स्वतंत्रता के बाद से वंदे मातरम राष्ट्रगान है। इसे लेकर कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया था। उन्होंने इसे मुसलमानों के विरोध में बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मोहम्मद करीम छागला राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाये थे जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदू शब्द हटाने की बात कही गई थी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मुस्लिम शब्द हटाने की बात नहीं थी। इसके विरोध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बेनियाबाग मैदान में 1965 में सभा की थी। साल 1966 को गोहत्या रोकने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे निहत्थों संतों पर इंदिरा गांधी सरकार ने गोलियां चलवाई थी। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता।

कांग्रेस सरकार द्वारा 1991 में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू किया गया। पूजा स्थल कानून कहता है कि पूजा स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 में थी वही रहेगी। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमे के अलावा जो भी मुकदमे हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है।

वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है। लेकिन, इसी देश में वक्फ एक्ट के तहत वक्फ बोर्ड को इतनी असीमित ताकतें दी गई हैं कि वो तमिलनाडु के तिरुचेंथुरई में स्थित एक 1500 साल पुराने मंदिर समेत पूरे गांव पर ही दावा ठोक सकता है। वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे बड़ी मात्रा में जमीन है।

नवंबर 2004 में कांग्रेस के सत्ता में आने के कुछ महीनों के अंदर ही दिवाली के मौके पर कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती को हत्या के एक केस में गिरफ्तार करवाया गया। यूपीए सरकार के दौरान मालेगांव ब्लास्ट मामले में उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की साजिश रची गई थी। समझौता ब्लास्ट केस में पाकिस्तानी आतंकवादी पकड़ा गया था, उसने अपना गुनाह भी कबूल किया था, लेकिन महज 14 दिनों में उसे चुपचाप छोड़ दिया। इसके बाद इस केस में स्वामी असीमानंद को फंसाया गया।

साल 2006 में मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 16 मई, 2016 को तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वकील कपिल सिब्बल ने तीन तलाक और हलाला जैसी घटिया परंपराओं की तुलना भगवान राम के अयोध्या में जन्म से कर डाली। 2016 में उत्तराखंड में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर शुक्रवार मुस्लिमों को 90 मिनट का अतिरिक्त अवकाश देने का निर्णय किया। कांग्रेस सरकार ने ही हज पर जाने वाले मुसलमानों को सब्सिडी देने की शुरुआत की थी। दुनिया में किसी और देश में यह नियम कानून नहीं था। कांग्रेस ने अमरनाथ यात्रा पर टैक्स लगाया।

जुलाई, 2009 को राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत टिमोथी रोमर से कहा था, 'भारत विरोधी मुस्लिम आतंकवादियों और वामपंथी आतंकवादियों से बड़ा खतरा देश के हिन्दू हैं।' राहुल गांधी के बयान मंदिर जाने वाले छेड़खानी करते हैं, को भला कौन भूल सकता है। साल 2018 में तुगलक लेन स्थित अपने निवास पर राहुल गांधी ने लगभग दो घंटे तक मुस्लिमों नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान मुस्लिम नेताओं ने राहुल से आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि आप तो सिर्फ मंदिर जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने तो मुसलमानों को भुला ही दिया है। मुस्लिम नेताओं की बात सुनकर राहुल गांधी ने कहा कि मैं कर्नाटक में कई मस्जिदों में भी गया हूं। अब मस्जिदों में लगातार जा रहा हूं।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पूरे हिंदू समाज को अखरती है। इससे यह संदेश भी जाता है कि अर्नगल बयानबाजी करने वालों को आलाकमान का समर्थन और मूक सहमति प्राप्त है। वास्तव में, सोमनाथ से अयोध्या तक कांग्रेस का चरित्र बिल्कुल भी बदला नहीं है। आम चुनाव सिर पर हैं। बड़ी सभांवना इस बात की है कि आने वाले दिनों में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस अपने मूल चरित्र का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन करेगी।

-आशीष वशिष्ठ

भारत की युवा शक्ति और अर्थव्यवस्था

हमारे देश भारत में कुल आबादी का 66 फीसदी 35 वर्ष से कम आयु वर्ग का है। भारत दुनिया का सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है। इनके लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना एक बड़ी चुनौती है। यदि हम इस चुनौती को पार कर लेते हैं तो यह हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगा। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। क्रय शक्ति समानता के मामले में हमारा देश पूरी दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना जीडीपी विकास दर अनुमान 6.3 फीसदी कर दिया है, जबकि चीन की विकास दर घटाकर 5 फीसदी कर दी है। यह एक बहुत बड़ा अंतर है।

जिस देश ब्रिटेन ने सैंकड़ों वर्षों तक हमारे देश भारत पर राज किया और हमारे देश के संसाधनों को लूटा, आज हम उस देश की अर्थव्यवस्था को पछाड़ कर आगे निकल चुके हैं। विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद हम अभी भी गरीबी से जूझ रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से हमारा देश दुनिया के 197 देशों में 142वें स्थान पर है। दुनिया की जितनी भी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें सबसे कम प्रति व्यक्ति आय भारत के लोगों की है। अमरीका में सालाना प्रति व्यक्ति आय 80035 डॉलर है। भारतीय रुपयों में यह आय 6662822 रुपए बनती है, जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय केवल 2601 डॉलर है।

भारतीय रुपयों में यह आय 216530 रुपए प्रति व्यक्ति है। इस प्रकार अमरीका में प्रति व्यक्ति आय भारत में प्रति व्यक्ति आय से 31 गुना अधिक है। इसी प्रकार चीन में प्रति व्यक्ति आय भारत की प्रति व्यक्ति आय से पांच गुना अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। लेकिन हमें प्रति व्यक्ति आय को भी बढ़ाना होगा। इसके लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने होंगे। क्षेत्रफल के हिसाब से हमारा देश विश्व में सातवें स्थान पर और जनसंख्या के हिसाब से हमारा देश विश्व में पहले दूसरे स्थान पर था, लेकिन 2023 की जनसंख्या के अनुसार हम पहले स्थान पर पहुंच चुके हैं। भारत का क्षेत्रफल दुनिया के कुल क्षेत्रफल का 2.4 फीसदी है और हम दुनिया के 17.76 फीसदी लोगों का भरण पोषण करते हैं।

यह एक बहुत बड़ी चुनौती है, क्योंकि इतनी अधिक जनसंख्या होने से देश के संसाधनों पर बहुत अधिक बोझ पड़ता है। भारत का कुल क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किलोमीटर है, जबकि चीन का क्षेत्रफल 9572900 वर्ग किलोमीटर है। इस दृष्टि से देखा जाए तो चीन का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल से तीन गुना अधिक है। यदि वहां जनसंख्या अधिक भी है तो उसके पास प्राकृतिक संसाधन हमारे देश से कहीं अधिक हैं। इतनी बड़ी जनसंख्या का भरण पोषण करना उसके लिए इतना मुश्किल नहीं है। हमारे देश की लगभग आधी आबादी में सभी को रोजगार देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए मेक इन इंडिया को एक अभियान के रूप में लेना होगा और साथ ही भारत में बनी हुई वस्तुओं को खरीदने पर अधिक जोर देना होगा। इससे एक तो युवा लोग अपना उद्यम स्थापित करके अपना रोजगार प्राप्त कर लेंगे, दूसरा, दूसरे लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवाएंगे। इससे बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। जब हम अपने देश में ही अधिक से अधिक उत्पादों का निर्माण करेंगे और लोग उन्हें खरीदेंगे तो इससे हमारी अर्थव्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ेगी। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत की जनता से आह्वान किया है कि अपने देश भारत में बने उत्पादों को खरीदने को अधिक से अधिक तवज्जो दें। आजादी के 100 साल यानी वर्ष 2047 तक हमने जो विकसित भारत का सपना संजोया है, उसके लिए युवाओं का अधिक से अधिक पढ़ा लिखा होना बहुत आवश्यक है। अपनी पढ़ाई के साथ साथ उन्हें व्यावसायिक दृष्टि से भी निपुण होना होगा, क्योंकि पढने लिखने से कोई भी व्यक्ति ज्ञान तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन उसके लिए कोई भी काम आरंभ करने के लिए उस विशेष क्षेत्र में कलात्मक वा व्यावसायिक रूप से निपुण होना बहुत आवश्यक है। इसके लिए सरकार को युवाओं को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। केवल डिग्री प्राप्त कर लेने से ही काम नहीं चलेगा। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कैसे किया जाए, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत /2047' कार्यक्रम पेश कर दिया है।

इसके तहत युवाओं से आइडिया मांगे जा रहे हैं। इसे 'विकसित भारत /2047 वाइस ऑफ दि यूथ' नाम दिया गया है। यदि मेक इन इंडिया के तहत युवाओं को कच्चे माल की आवश्यकता पड़ती है तो अपने देश में उपलब्धता कम होने पर दूसरे देशों से मंगवाया जा सकता है। पूरी दुनिया में भारत सबसे बड़ा युवा देश है। देश का युवा वर्ग इस देश के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। किसी भी देश की उन्नति में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। आजकल युवा वर्ग नशे की गर्त में डूबता जा रहा है। हम सभी का कर्त्तव्य है कि इन युवाओं को नशे से मुक्ति दिलाने में अपना सहयोग दें और उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए प्रेरणा दें, ताकि ये अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान करें। इतिहास गवाह है कि दुनिया में चाहे कोई भी आंदोलन, क्रांति या सामाजिक सुधार हुआ हो, युवाओं का उसमें बहुत बड़ा योगदान रहा। भारत की आजादी में भी युवाओं का योगदान किसी से छिपा नहीं है। युवाओं ने इस देश की आजादी के लिए हंसते हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। विकसित देशों की उन्नति में भी भारतीय युवाओं का बहुत योगदान है। कोई समय था जब भारत का युवा वर्ग अधिकतर, रोजगार की तलाश में विदेशों पर ही निर्भर रहता था। लेकिन आज स्थिति कुछ और है। युवा वर्ग अपने देश में ही रोजगार प्राप्त करना चाहता है और उसे काफी मौके मिल भी रहे हैं। यदि कुछ युवा रोजगार की तलाश में विदेशों में जा भी रहे हैं, तो उससे हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है। उन देशों की उन्नति में भी हमारे देश के युवाओं का बहुत बड़ा हाथ है। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने में अधिक विकास दर का होना बहुत आवश्यक है और भारत की विकास दर इस दिशा में आगे बढ़ रही है। भारत चीन से सबसे ज्यादा आयात करता है, जबकि आयात के मुकाबले चीन को निर्यात बहुत कम है। इस व्यापार घाटे को हमें कम करना होगा। इसके लिए अपने देश में वस्तुओं के निर्माण पर अधिक जोर देना होगा, ताकि निर्यात को बढ़ाया जा सके। युवा कौशल का भरपूर इस्तेमाल करना होगा।

-नरेंद्र कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

राशिफल

पौष शुक्ल- अष्ठमी (विक्रम संवत् 2080)



मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
वंडरफुल समय। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।



वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।



मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।



कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शाम तक आय में आशातीत बढ़ोतरी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे।



सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।



कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यद्यपि, गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होगी। आनंद की प्राप्ति होगी।



वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय, प्रेम के लिए अति उत्तम समय, संतान के लिए अति उत्तम समय।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी।



कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
व्यापार का विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।



मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
शब्द साधक की तरह दिखाई पड़ेंगे। वाणी से जिसको चाहेंगे अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। धन का आवक बढ़ेगा।

गन्ना का भाव तय करे सरकार : त्यागी

ग्रेटर नोएडा /मुजफ्फरनगर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन धरना के 16वे दिन गुरु गोविन्द सिंह की जयंती पर उनके बलिदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व चौ उधम सिंह ने किया। आंदोलन की अध्यक्षता ईश्वर सिंह व संचालन अंकित चौधरी ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू (अ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि हम कोई भी ऐसा कार्य नही करना चाहते जिससे नागरिकों को कोई दिक्कत हो, अन्यथा हम हर आंदोलन के लिए तैयार है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राममंदिर के कार्यक्रम में कोई व्यवधान नहीं चाहते किसानों को हम भरोसा दिलाने चाहते है कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ईमानदारी एवं लोकतांत्रिक तरीके से आपकी लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने में सक्षम है।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का राष्ट्रीय अधिवेशन 26 से 29 जनवरी तक आयोजित होगा अगर सरकार किसानो के गन्ने का उचित मूल्य तय नहीं करती तो वही से बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

अक्षय त्यागी ने कहा कि सरकार भाव तय करे और आवारा पशुओं से निजात दिलाने का कार्य करे। अंकित चौधरी ने कहा कि गुरु गोविन्द का बलिदान भुलाया नही जा सकता। धरने में जसवीर ठाकरान,श्रेय मलिक, नितिन गोलियान, सतेंद्र मलिक, रजनीश, कौशल क्रांतिकारी, ऋषिपाल भाटी चेयरमैन, ओमपाल शास्त्री, संजय कुमार रागिब, वसीम, साकिब, रामबीर सिंह बिजेंद्र बालियान सहित अनेक लोग शामिल रहे। धरने पर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम गन्ना मूल्य वृद्धि हेतु एक ज्ञापन सौंपा गया।

धरने में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भाकियू (अ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी धर्मेंद्र मलिक के नेतृत्व में गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट पर पिछले 16 दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के धरने में कल गौतमबुद्धनगर के पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक रामकुमार शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर ओमवीर सिंह प्रदेश सचिव रणबीर अवाना राकेश चौधरी प्रदेश प्रवक्ता दिनेश शर्मा एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा एनसीआर उपाध्यक्ष ओम सिंह अवाना एनसीआर प्रवक्ता संजय शर्मा एनसीआर महासचिव सोमेश भारद्वाज सुनील दायमा ओम प्रकाश शर्मा गिर्राज भाटी ठाकुर देवेंद्र सोलंकी हरिओम शर्मा गुलावली सुशील शर्मा कल्लू शर्मा ठाकुर नरसिंह ठाकुर नरेश सिंह चौधरी अनंत सिंह ठाकुर सत्येंद्र सिंह ठाकुर सतीश मुखिया ठाकुर सुनील प्रधान सोनू शर्मा, ठाकुर विजेंद्र सिंह ठाकुर संजय भाटी तहसील प्रभारी सदर बिजेंदर सतीश लाल चैयरमैन भूदेव मुकुट मनीष भाटी प्रवीण भाटी आनंद सिंह रामकुमार अत्रि महेश अत्रि चिंटू पंडित रंजीत शर्मा गोपी कश्यप बिट्टू शर्मा मोहित शर्मा जय सिंह अमित दायमा हंस दायमा राकेश सिंह आदि मौजूद।

महाविद्यालय के उत्थान के लिए सतत जुड़ा रहूँगा : यतेन्द्र शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। कांग्रेस के नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-39, नोएडा पहुंचकर उसके प्राचार्य आर0के0 गुप्ता से मुलाकात कर कॉलेज के उत्थान के लिए चर्चा की।

श्री शर्मा ने बताया कि मैंने 2008 से इसी महाविद्यालय से एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी की राजनीति की शुरूआत की थी। समय-समय पर पहुंचकर महाविद्यालय में उसके उत्थान विकास के के लिये छात्रों की समस्याओं को लेकर हमेशा तैयार खड़ा रहता हूं। इस कॉलेज के उत्थान के लिए हमेशा पूरी टीम के साथ तैयार रहूंगा।

भारत तरक्की की राह पर : सिंह

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कल जेवर विधानसभा के सिरसा मच्छीपुर गांव एवं ख्वाजापुर गांव पहुंची कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह एवं जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। दुनिया के सारे देश भारत को सांप और सपेरे का देश समझते थे। जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं। तब से दूसरे देश के लोग दूसरे देश के प्रधानमंत्री भी पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। दुनिया में भारत का मान और सम्मान बढ़ाने का काम देश का गौरव बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। इस अवसर पर अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल सेवानंद शर्मा सविता गुर्जर विकास, आलोक रंजन ने आदि लोग मौजूद रहे।

शनि देव मंदिर की भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने की सफाई

दनकौर (चेतना मंच)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में आज भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर ने दनकौर के शनि देव मंदिर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर श्रमदान किया तथा पूजा अर्चना कर प्रभु से विश्व के कल्याण की कामना की। नागर ने बताया कि 22 जनवरी को दनकौर के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा हरिदत्त शर्मा ,महामंत्री राजेंद्र योगी संजय शर्मा ,अखिलेश नागर,दीपक सिंह,होशियार सिंह नवीन पण्डित,मीडिया प्रभारी हरीश शर्मा व महेश,रवि कृष्ण भारद्वाज,अंशु भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

सेक्टर-151 में ग्रीन एरिया से तुरंत अतिक्रमण हटाये जेपी इंफ्राटेक: देवेन्द्र निगम

सोसायटी की शिकायत पर प्राधिकरण ने भेजा नोटिस

नोएडा (चेतना मंच)। अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन ने नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्राधिकरण को पत्र लिखकर ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को निर्देश दिये कि वे तत्काल से क्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में ग्रीन एरिया से अतिक्रमण हटवा दें।

वरिष्ठ प्रबंधक देवेन्द्र निगम ने लिखे पत्र में निर्देश दिये कि सोसायटी की शिकायत के मददेनजर वे तत्काल अवैध निर्माण हटाकर नोाएडा प्राधिकरण को अवगत करांएगे।

मालूम हो कि जेपी अमन शिकायत की थी कि जेपी इंफ्राटेक ने सोसायटी में छोड़े गए ग्रीन एरिया में अपना कार्यालय बना दिया है तथा बाकी जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग आदि बना दी है। शिकायत का तुरंत संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण ने जेपी इंफ्राटेक को नोटिस देकर अविलंब अतिक्रमण हटाने तथा ग्रीन एरिया को विकसित करके प्राधिकरण को अवगत कराने के निर्देश दिये।

भागवत कथा का आयोजन

भदोही (चेतना मंच)। डीघ ब्लॉक के ग्राम सभा मदनपुर में पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन भगवान श्री कृष्ण की रासलीला, गोवर्धन पूजा, भगवान श्री कृष्ण के प्रति मैया यशोदा एवं गोपियों का प्रेम एवं स्नेह बारे में व्यास पीठ में विराजमान बृजभूषण महाराज द्वारा उनके बारे में संपूर्ण कथा का विस्तृत वर्णन किया गया।

पूर्व सांसद द्वारा मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती वंदना पांडेय एवं नीरज पांडेय किया गया।

इस मौके पर कल्लू पांडे ,बंशीधर तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा शत्रुघ्न पांडे, रामकिंकर पांडे, मुन्नेशेषधर पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, दिनेश सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख), श्यामधर मिश्र (मिर्जापुरी), कृष्णचंद्र दुबे (पूर्व प्रधान), रवि शंकर पाण्डेय (पूर्व प्रधान), डॉ. वासुदेव तिवारी, शेषधर मिश्र, त्रिभुवननाथ पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, संतोष पांडेय, राजेंद्र पांडेय, सुधीर पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले नोएडा में कलश की स्थापना

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश की धर्म नगरी अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम पूरे देश में दिखाई दे रही है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या में धार्मिक आयोजनों और अनुष्ठानों का शुभारंभ हो चुका है। नोएडा भी पूरी तरह से राममय नजर आ रहा है। इसी क्रम में नोएडा के सेक्टर 45 में एक स्कूल के बच्चों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कलश की स्थापना की।

बुधवार को नोएडा के सेक्टर 45 में स्थित श्री जी संस्कार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राम जन्म भूमि अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए एक कलश की स्थापना करने का निर्णय लिया। जिसमें सभी व्यक्तियों द्वारा अन्नदान कराया जाएगा। विद्यालय के बच्चों ने राम, लक्ष्मण, भरत एवं हनुमान जी सहित माता सीता की एक सुंदर झांकी का प्रस्तुतिकरण भी किया।

कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने श्रीराम का नारा लगाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और झाकियों ने सभी का मन मोह लिया।

इस मौके पर पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति के पदाधिकारी राजेंद्र चौहान, प्रदीप चौहान , जितेंद्र चौहान, राकेश चौहान, श्री जी संस्कार पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशीश्वर कुमार, अरविन्द व विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रीति उपाध्याय समेत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण सूचना

रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 13483/13484 और 13413/13414 मालदा टाउन–दिल्ली–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बठिण्डा तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:

रेलगाड़ी सं. 13483/13484 मालदा टाउन–दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बठिण्डा जं. तक विस्तार

रेलगाड़ी सं. 13484 आगमन	रेलगाड़ी सं. 13484 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 13483 आगमन	रेलगाड़ी सं. 13483 प्रस्थान
06:50	--	मालदा टाउन	--	19:35
		कोई परिवर्तन नहीं		
21:25	21:40	दिल्ली जं.	04:55	05:10
19:45	19:47	बहादुरगढ़	05:54	05:56
19:15	19:17	रोहतक जं.	06:24	06:26
18:33	18:35	जींद जं.	07:05	07:10
18:03	18:05	नरवाना जं.	07:36	07:38
17:42	17:44	टोहाना	07:58	08:00
17:29	17:31	जाखल जं.	08:11	08:13
--	16:25	बठिण्डा जं.	10:00	--

चलने के दिन : 13484 बठिण्डा जं. से दिनांक 26.01.2024 से प्रत्येक मंगलवार, वीरवार, शुक्रवार, रविवार एवं 13483 मालदा टाउन से दिनांक 24.01.2024 से प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार को।

रेलगाड़ी सं. 13413/13414 मालदा टाउन–दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बठिण्डा जं. तक विस्तार

रेलगाड़ी सं. 13414 आगमन	रेलगाड़ी सं. 13414 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 13413 आगमन	रेलगाड़ी सं. 13413 प्रस्थान
06:50	--	मालदा टाउन	--	19:35
		कोई परिवर्तन नहीं		
21:25	21:40	दिल्ली जं.	04:55	05:10
20:12	20:14	नरेला	05:46	05:48
19:38	19:40	सोनीपत जं.	06:03	06:05
18:36	18:38	गोहाना जं.	07:03	07:05
17:38	17:40	जींद जं.	08:03	08:05
17:12	17:14	उचाना	08:28	08:30
16:58	17:00	नरवाना जं.	08:42	08:44
16:37	16:39	टोहाना	09:04	09:06
16:24	16:26	जाखल जं.	09:17	09:19
16:10	16:12	बरेटा	09:31	09:33
15:55	15:57	बुढलाडा	09:46	09:48
15:40	15:42	मानसा	10:01	10:.03
15:24	15:26	मौड़	10:17	10:19
--	15:00	बठिण्डा जं.	11:15	--

चलने के दिन : 13414 बठिण्डा जं. से दिनांक 27.01.2024 से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शनिवार एवं 13413 मालदा टाउन से दिनांक 25.01.2024 से प्रत्येक सोमवार, वीरवार, शनिवार को।

रेलगाड़ी सं. 04979 रेवाड़ी जं.–रोहतक जं. विशेष का रोहतक स्टेशन पर दिनांक 26.01.2024 से आगमन का समय 06:35 के बजाये 06:40 होगा।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों की समय-सारणी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है:

रेलगाड़ी सं. 04581 दिल्ली जं.–पानीपत जं. विशेष की दिनांक 26.01.2024 से समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	वर्तमान समय-सारणी आगमन	वर्तमान समय-सारणी प्रस्थान	परिवर्तित समय-सारणी आगमन	परिवर्तित समय-सारणी प्रस्थान
दिल्ली जं.	--	05:10	--	04:55
सब्जी मण्डी	05:23	05:24	05:08	05:09
दिल्ली आजादपुर	--	--	--	--
आदर्श नगर दिल्ली	05:32	05:33	05:17	05:18
बादली	05:38	05:39	05:23	05:24
खेड़ा कलां	05:43	05:44	05:28	05:29
होलम्बी कलां	05:48	05:49	05:33	05:34
नरेला	05:54	05:55	05:39	05:40
राठधना	06:01	06:02	05:46	05:47
हरसाना कलां	06:07	06:08	05:52	05:53
सोनीपत जं.	06:14	06:15	05:59	06:00
सांदल कलां	06:52	06:53	06:07	06:08
राजलू गढ़ी	06:57	06:58	06:12	06:13
गन्नौर	07:03	07:04	06:18	06:19
भोडवाल माजरी	07:10	07:11	06:25	06:26
समालखा	07:26	07:27	06:31	06:32
दिवाना	07:35	07:36	06:38	06:39
पानीपत जं.	08:10	--	07:53	--

रेलगाड़ी सं. 04981 रोहतक जं.–जींद जं. विशेष की दिनांक 26.01.2024 से समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	वर्तमान समय-सारणी आगमन	वर्तमान समय-सारणी प्रस्थान	परिवर्तित समय-सारणी आगमन	परिवर्तित समय-सारणी प्रस्थान
रोहतक जं.	--	06:45	--	07:00
समर गोपाल पुर	06:53	06:54	07:08	07:09
करैंथी	07:01	07:02	07:16	07:17
लाखन माजरा हॉल्ट	07:07	07:08	07:22	07:23
किला जफरगढ़	07:14	07:15	07:29	07:30
जुलाना	07:21	07:22	07:36	07:37
जय जय वन्ती	07:29	07:30	07:44	07:45
किनाना	07:37	07:38	07:52	07:53
बिशनपुर हरियाणा	07:44	07:45	07:59	08:00
जींद जं.	08:05	--	08:20	--

रेलगाड़ी सं. 04995 रोहतक जं.–जींद जं. विशेष की पांडू पिन्डारा जं. – जींद जं. के बीच दिनांक 26.01.2024 से समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	वर्तमान समय-सारणी आगमन	वर्तमान समय-सारणी प्रस्थान	परिवर्तित समय-सारणी आगमन	परिवर्तित समय-सारणी प्रस्थान
पांडू पिन्डारा जं.	07:45	07:46	07:45	07:46
जींद सिटी	07:53	07:54	07:53	07:54
जींद जं.	08:10	--	08:30	--

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे | आपकी सुविधा - हमारा ध्येय | इस पर www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

189/2024

संबंध-विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद खालिद पुत्र श्री आल्हा मेहर निवासी- ग्राम बरौला, सेक्टर-49 नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र मोहम्मद तारिक व पुत्रवधू निदा प्रवीन मेरे कहने के अनुसार नहीं चलते हैं तथा गलत लोगों के संगत में पड़ गए हैं। अक्सर मुझसे और परिवार के अन्य सदस्यों से लड़ाई झगड़ा करते हैं। इसलिए मैंने मोहम्मद तारिक व पुत्रवधू निदा प्रवीन से संबंध -विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर आज के बाद मोहम्मद तारिक व उसकी पत्नी निदा परवीन किसी से लेनदेन करते हैं, या उनके किसी भी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

खोया पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हर्षित भाटी पुत्र श्री दिनेश निवासी- अमीनाबाद उर्फ नयाना, जिला गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) मेरी 12th पास की अंकतालिका अनुक्रमांक-0354858, बीए प्रथम वर्ष की अंकतालिका अनुक्रमांक-190146010108 जो कहीं वास्तव में खो गई है। जिसका उपयोग किसी अन्य द्वारा अवैध होगा मिलने पर उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100,
4576372, 2518200
Mo.: 9811735566,
8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

शरद पवार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होंगे, बाद में जाएंगे अयोध्या

पुणे, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। समारोह के लिए निमंत्रण प्राप्त करने वाले 83 वर्षीय पवार ने इस मुद्दे पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को एक संक्षिप्त पत्र लिखा है, जिसमें दर्शन के लिए अधिक समय के साथ बाद की तारीख में जाने का वादा किया गया है। पवार ने कहा, भगवान राम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनके लाखों समर्पित अनुयायियों द्वारा पूजनीय हैं। अयोध्या समारोह को लेकर राम भक्तों में काफी उत्साह है और वे बड़ी संख्या में वहां पहुंच रहे हैं। उनके माध्यम से मुझे ऐतिहासिक अवसर का आनंद भी मिलेगा। हालांकि, राकांपा सुप्रीमो ने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के बाद, राम लला का उचित और आराम से दर्शन करना संभव होगा। पवार ने कहा, मेरी कुछ कार्यक्रमों के लिए अयोध्या आने की योजना है। उस समय मैं पूरी आस्था के साथ श्री रामलला के दर्शन के लिए पर्याप्त समय निकालूंगा। उस समय तक, राम मंदिर का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने निमंत्रण के लिए राय के प्रति आभार जताया और अगले सोमवार (22 जनवरी) को अयोध्या में होने वाले भव्य समारोह के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

अयोध्या में रामभक्तों को दिखेगी केदारनाथ-बदरीनाथ

चार धाम की झलक

कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट शुरू, सीएम योगी ने किया शुभारंभ

अयोध्या , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में पर्यटन के लिए सबसे प्रमुख शहर होने जा रहा है। अयोध्या वैसे भी स्थानीय श्रद्धालुओं की बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन पूरे देश में जिस तरह की आतुरता है, उसे देखते हुए श्रद्धालुओं के यहां आवागमन को सुलभ बनाने का दायित्व हमने निभाया है। इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने जो काम किया है वो सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ में अपने सरकारी आवास से कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

एयर कनेक्टिविटी के मामले में यूपी बना प्रमुख राज्य : सीएम योगी ने कहा कि नागरिक विमान मंत्री ज्योतिरादित्य और जनरल वीके सिंह को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस करते हुए उसे हर संभव सहयोग प्रदान किया है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में बेहतरीन परिणाम सामने दिए हैं। विगत साढ़े 9 वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में न केवल नए एयरपोर्ट्स आए हैं बल्कि 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश एयर कनेक्टिविटी की दृष्टि से एक अहम राज्य हो गया है। सीएम योगी ने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री ने अयोध्या के

महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम को संपन्न किया और प्रसन्नता हो रही है कि एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के साथ वायु सेवा के बाद अब कोलकाता और बेंगलुरू के लिए भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह वायुसेवा प्रारंभ होने जा रही है।

जो 6 साल पहले कल्पना थी, आज वो हकीकत है : सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में अयोध्या भारत की सनातन आस्था का प्रतीक तो है ही, साथ ही प्रभु श्रीराम भी हमारे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जुड़े पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। अयोध्या के अंदर 500 वर्षों के एक लंबे अंतराल के बाद पूरे देश ने अपनी आस्था को अयोध्या के प्रति व्यक्त किया है। पूरे देश में अयोध्या आगमन के लिए एक उत्सुकता है। आज से 6 वर्ष पहले यह कल्पना थी कि अयोध्या के अंदर भी 4 लेन कनेक्टिविटी होगी। अयोध्या रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य से जुड़ेगा। अयोध्या की पवित्र सरयू नदी में क्रूज सेवा प्रारंभ होगी और अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। यदि वहां हम यह करने में सफल हुए हैं तो इसमें प्रधानमत्री का मार्गदर्शन और नेतृत्व, डबल इंजन सरकार द्वारा समय पर और तेजी के साथ निर्णय लेने की सामर्थ्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका रही है।

कर्नाटक से हनुमान का संदेश अयोध्या लाने में होगी सुविधा : सीएम ने कहा कि अयोध्या में सरकार पहले ही 821 एकड़ भूमि नागर विमानन मंत्रालय को उपलब्ध करा चुकी है। अभी वहां 500 यात्री एक साथ इस विमान तल का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही 8 विमान वहां लैंड कर सकते हैं। भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जो योजना नागर विमानन मंत्रालय ने बनाई है, राज्य सरकार इस पूरे कार्यक्रम के साथ सकारात्मक सहयोग करेगी। उन्होंने खुशी जताई कि अब बेंगलुरू से अयोध्या की कनेक्टिविटी होने से अब कर्नाटक से हनुमान के संदेश को अयोध्या तक लाने में सुविधा होगी। अयोध्या धाम को कोलकाता और बेंगलुरू से वायुसेवा से जोड़ने के इस कार्यक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री जनरल डॉ वीके सिंह, अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह, एयर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अंकुर गर्ग, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र एवं अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन एसपी गोयल समेत एयर इंडिया एक्सप्रेस और अयोध्या के गणमान्य लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

मात्र 17 दिन में देश के चारों कोनों से जुड़ गया अयोध्या धामः ज्योतिरादित्य सिंधिया भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां राम का नाम, वहां पूरे होते हैं काम। आज एक और महत्वपूर्ण दिन है। एक दीवाली हमने पिछले वर्ष मनाई थी, दूसरी दीवाली हाल ही में तीन राज्यों के चुनाव नतीजों के समय मनाई गई थी और अब तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनाई जाने वाली है।

दो दिन पहले जीते जी अपना श्राद्ध करने वाले शख्स की मौत

एटा, एजेंसी। यूपी के एटा में दो दिन पहले जीते जी अपना क्रिया-कर्म कर देने वाले हाकिम सिंह का देहांत हो गया है। 55 साल के इस शख्स ने दो दिन पहले ही गांव में भव्य तरीके से आयोजन कर 700 लोगों को अपनी तेरहवीं का भोज कराया था। जिंदा रहते अपने पिंडदान और तेरहवीं भोज के पीछे उनका कहना था कि उनकी अपनी कोई संतान नहीं है। परिवार में जो लोग हैं उन पर उन्हें भरोसा नहीं है। शक है कि उनके मरने के बाद परिवार के लोग उनकी तेरहवीं करेंगे भी या नहीं इसलिए उन्होंने खुद जीते-जी ये काम कर दिया। तेरहवीं भोज देने के दो दिन बाद ही हाकिम सिंह की मौत से हर कोई हैरान है।

बताया जा रहा है कि रात को वह ठीक-ठाक सोए थे लेकिन सुबह देर तक नहीं उठे तो लोगों को शक हुआ। हाकिम सिंह एटा के सकीट क्षेत्र के मोहल्ला मुंशी नगर के रहने वाले थे। उनके पिता का नाम बांके लाल था। हाकिम ब्लॉक के पास बनी दुकानों में रहते थे। बुधवार की सुबह रोज की तरह लोग अलाव जलाकर हाथ सेंक रहे थे। तभी किसी का ध्यान हाकिम सिंह की ओर गया। रोज की तरह उन्हें जागा हुआ नहीं पाकर लोगों को आशंका हुई तो उन्होंने उनकी चारपाई के पास जाकर देखा। हाकिम सिंह मृत पड़े थे। उनकी मौत की जानकारी मोहल्ले में फैली तो काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। सूचना मिलने पर उनके भाई-भतीजे भी पहुंचे। वे शव को अपने घर पर ले गए हैं। उनका कहना है कि वे हाकिम का अंतिम संस्कार ढंग से करेंगे।

हालांकि हाकिम सिंह को उन पर भरोसा नहीं था। उन्होंने अपना क्रिया-कर्म और तेरहवीं भोज देने के लिए अपने नाम वाली करीब आधा बीघा जमीन बेच दी थी। उन्होंने परिवारवालों के साथ गांव के सैकड़ों लोगों को आमंत्रित किया था। अपना पिंडदान किया और ब्राह्मणों को बुलाकर विधि-विधान से हवन-यज्ञ और तेरहवीं संस्कार की सारी रस्में अदा कीं। उनके द्वारा ऐसा किए जाने की चर्चा पूरे इलाके में थी। लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि दो दिन बाद ही हाकिम सिंह दुनिया को अलविदा कह जाएंगे। अब उनकी मौत के बाद आसपास के क्षेत्रों में लोग चर्चा कर रहे हैं कि सोमवार को हाकिम सिंह की तबीयत थोड़ी बिगड़ गई थी। तभी उन्हें अपनी मौत का अंदेशा हो गया था। लोगों का कहना है कि हाकिम सिंह की कोई संतान नहीं थी।

कोहरे में नहीं दिखी ट्रेन कटकर महिला मरी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना बादलपुर क्षेत्र के बिसरख के पास बीती रात्रि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। अत्यधिक कोहरा होने के कारण रेलवे लाइन पार कर रही महिला ट्रेन को नहीं देख पाई और उसकी चपेट में आ गई।

थाना प्रभारी अमरेश कुमार ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि बिसरख रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। महिला की पहचान बिजनौर निवासी अनीता पत्नी अनिल कुमार के रूप में हुई। अनीता अपने पति के साथ रोजा गांव में किराए पर रह रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि रात्रि करीब 8 बजे के आसपास महिला रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इस दौरान घना कोहरा होने के कारण वह ट्रैक पर आ रही ट्रेन को नहीं देख पाई और उसकी चपेट में आ गई।

ट्रेन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुई महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

घेर से दो भैंस चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम गुलावठी खुर्द से पशु चोरों ने एक महिला की दो भैंस चोरी कर ली। पीड़ित महिला ने अज्ञात पशु चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम गुलावठी खुर्द निवासी सुनीता देवी ने बताया कि बीते 13 जनवरी की रात को वह अपने घेर में पशुओं को बांधकर आई थी। तड़के सुबह जब वह उन्हें चारा डालने पहुंची तो उसकी दो भैंस गायब थी। उसने आसपास व गांव में गायब भैंसों की तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने पुलिस की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

सातवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए विपिन मल्हन

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के उद्यमियों की संस्था नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) का सातवीं बार विपिन मल्हन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। विपिन मल्हन और वीके सेठ पैनल के सामने कोई भी प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए खड़ा नहीं हुआ, जिसके चलते पूरे पैनल के पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

एनईए के चुनाव के लिए नियुक्त किए गए चुनाव अधिकारी योगेश आनंद ने बताया कि नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन के लिए आगामी 20 जनवरी 2024 को मतदान होना था। इस चुनाव के लिए बुधवार को दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल करना था।

लेकिन अंतिम दिन निर्धारित समय तक किसी अन्य पैनल से कोई भी प्रत्याशी या उम्मीदवार द्वारा अपना पर्चा दाखिल नहीं किया गया।

जिसके बाद विपिन कुमार मल्हन एवं वीके सेठ पैनल के सभी 18 पदाधिकारियों एवं 125 कार्यकारिणी के सदस्यों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया। उन्हें इस जीत का सर्टिफिकेट भी दिया गया है। आपको बता दें कि पिछले सात वर्षों से विपिन मल्हन और वीके सेठ पैनल एनईए चुनाव में अपना दबदबा बनाए हुए है। शहर के उद्यमियों का इस पैनल को भरपूर समर्थन है, जिस कारण उनके सामने अन्य उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं उतरते हैं। विपिन मल्हन और वीके सेठ पैनल की इस शानदार जीत पर शहर के उद्यमियों व शहरवासियों ने बधाई दी है।

नोएडा में 22 जनवरी को बनायेंगे यादगार
तैयारियों में जुटी पंजाबी एकता समिति

नोएडा (चेतना मंच)। श्री अयोध्या धाम में आगामी 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। नोएडा में भी राम लला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर मंदिरों व गुरूद्वारे में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा।

श्री अयोध्या धाम में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में बने भक्तिमय माहौल पर नोएडा पंजाबी एकता समिति के महासचिव नरेन्द्र

चोपड़ा का कहना है कि 500 वर्षों का स्वप्न अब साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो संकल्प लिया था वह 22 जनवरी 2024 को पूरा हो रहा है एवं अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्रीराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। यह दिन देशवासियों के लिए बेहद सुखद क्षण होगा।

समिति के महासचिव नरेन्द्र चोपड़ा ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नोएडा में भी विशेष तैयारी की जा रही है। उस दिन घर-घर दीपावली मनायी जायेगी। उन्होंने बताया कि नोएडा पंजाबी एकता समिति ने भी 22 जनवरी को लेकर विशेष तैयारियां की है। समिति ने समाज के लोगों का आहवान किया है वे कि इस दिन को यादगार बनाएं।

किशोर आपचारियों के लिये 24-27 तक चलेगा अभियान

नोएडा (चेतना मंच)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 24-27 जनवरी तक जनपद गौतमबुद्धनगर के कारागारों में निरुद्ध किशोर आपचारियों के लिये अभियान चलेगा।

उक्त अभियान में ऐसे व्यक्तियो को चिन्हित करना है जो अपराध होने के समय संभावित रुप से नाबालिग थे तथा वह किशोर होने का दावे के लिये सहायक दस्तावेज दाखिल करने के लिए विधिक सहायता पाना चाहते है।

अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर नगर ऋचा उपाध्याय ने राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह किशोर में नामित पैनल अधिवक्तागण एवं पराविधिक स्वंय सेवकगण तथा एल0ए0डी0सी0एस0 के अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया।

बैठक में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित कैम्पेन के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा उनको किशोरों को चिन्हित करने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर जिला जज ऋचा उपाध्याय के साथ एल0ए0डी0सी0एस0 के अधिवक्तागण, राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह में नामित पैनल अधिवक्तागण एवं पराविधिक स्वंय सेवकगण मौजूद थे।

कालका एक्सप्रेस से अपहृत बच्चा बरामद

प्रयागराज (ब्यूरो)। भारतीय रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के सबसे व्यस्ततम एवं अति महत्वपूर्ण मंडलों में से एक प्रयागराज मंडल एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपना विशिष्ट योगदन देती आ रही है। रेल यात्रियों को संरक्षित व समयबद्ध रेल यात्रा प्रदान करने के लिए प्रयागराज मण्डल के अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर प्रयत्नशील है। उत्तर मध्य रेलवे का प्रयागराज मण्डल यात्रियों की हर संभव मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रयागराज द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गाडी सं0 12311 कालका एक्सप्रेस के साधारण कोच मे एक बच्चा जिसका नाम आर्यन कुमार उर्फ कारू को दो स्थानीय महिलाओं प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म सं

द्वारा अपहरण कर ले जाया जा रहा था। सूचना पर शिव कुमार सिंह,पोस्ट कमाण्डर/रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज के नेतृत्व में गाडी सं0 12311 कालका एक्स के कोच में दो संदिग्ध महिलायें 05 01 पर आने पर रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के सहयोग से गाडी के सभी कोचां की सघन चेकिंग की गई। चेकिग के दौरान इंजन के पास लगे जनरल बच्चों के साथ मिली। उनसे पूछ-ताछ करने पर संदेहजनक स्थिति में महिला कांस्टेबल के सहयोग से उन्हें उतरवा कर पोस्ट पर महिला कांस्टेबल की निगरानी में रखा गया। पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम.पूजा देवी जिला कोडरमा झारखण्ड बताया एवं बरामद किये गये बच्चों का नाम प्रिंस कुमार उम्र 10 वर्ष, राजकुमार उम्र 09 वर्ष, रिशू कुमार उम्र 08 वर्ष, पायल कुमारी उम्र 07 वर्ष, आर्यन कुमार पुत्र गोपी यादव उम्र 05 वर्ष मोहल्ला तिलैया देवी मण्डप रोड जिला कोडरमा झारखण्ड बताया।

पुलिस थाना कोडरमा के मुकेश कुमार उप निरीक्षक हमराह स्टाफ के आने पर उन्हें दोनों महिलाओं एव सभी बच्चो को सुपुर्द किया गया है।

पृष्ठ एक के शेष....

गन्ना किसानों...

के गन्ने का मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल है। कैबिनेट बैठक में पेराई सत्र 2023-24 के लिए सहकारी क्षेत्र, निगम और निजी क्षेत्र सहित सभी चीनी मिलों की ओर से खरीदे जाने वाले गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य एसएपी निर्धारण होगा। कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में बताया कि कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

छिजारसी के पास...

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील शराब का अत्यधिक सेवन करता था आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में वह नाले में गिर गया और पानी में डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सड़क हादसों में दो...

मामूली चोटे आई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दादरी पुलिस ने गामा यादव को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे में घायल हुई आंचल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बाइक सवार सुलेमान पुत्र रफीक निवासी ग्राम डेरी स्कैनर को हिरासत में ले लिया है।

वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गोल चक्कर पर बीती शाम तेज गति में आ रहे कंटेनर चालक नियंत्रण खो बैठा और उसने बुलेट बाइक सवार को टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर लगने से बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को थाना सूरजपुर पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची जांच चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद निवासी अंकित पुत्र करणपाल सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

दूल्हे की बारात में...

रुपए की नगदी थी। उन्होंने आशंका जताई कि संभवत किसी व्यक्ति ने रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बोटैनिकल गार्डन...

पुलिस को फोन कर सूचना दी थी। पुलिस टीम ने स्टाक यार्ड में जाकर छानबीन की लेकिन कारों का कोई पता नहीं चल पाया। वीरेंद्र सिंह खारी ने थाना सेक्टर-39 में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार चोरी किये जाने का मामला दर्ज कराया है।

नोएडावासियों को...

के आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के व्यंजन शिल्पकारों का भी जमावड़ा दिखेगा।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से करीब 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसमें सिविल विभाग की 178 करोड़ की परियोजनाएं और होर्टिकल्चर विभाग की 185 करोड़ की तथा इतनी ही राशि की इलेक्ट्रिकल और मेनटेनेंस विभाग की परियोजनाएं है। इनके शिलापट्ट तैयार किए जा रहे हैं।

पिता का दोस्त...

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है इस मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है पुलिस उस खाते का विवरण जुटा रही है जिस खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं।

भेदभाव बिना योजनाओं...

कल्याणकारी योजनाओं का करोड़ों लोग लाभ उठा रहे हैं। इसमें प्रमुख रूप से मुफ्त राशन, उज्ज्वला गैस योजना, घर-घर बिजली योजना, गरीबों को आवास की योजना, हर घर नल से जल की योजना समेत ऐसी सैकड़ो योजनाएं हैं जिनका लोग लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह घर-घर जाकर सरकार की इस लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएं। खबर लेकर जाने तक कार्यक्रम चल रहा था।

इस मौके पर भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश यादव, डिंपल आनंद, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री विजेंद्र नागर समेत कई पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता एवं आम जनता मौजूद थे।

क्रेडिट कार्ड से अज्ञात व्यक्ति ने की लाखों की शॉपिंग

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जालसाज ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपए की खरीदारी कर ली। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है। बिसाहडा रोड निवासी कुश गर्ग ने बताया कि उसका दादरी स्थित आईसीआईसीआई बैंक में बचत खाता है। इस खाते पर उसके नाम एक क्रेडिट कार्ड है बीते 12 जनवरी को किसी व्यक्ति ने उसके क्रेडिट कार्ड से चार लाख 10 हजार रूपए का सामान खरीद लिया। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद उसे इस खरीदारी की जानकारी हुई। पीड़ित के मुताबिक किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर खरीदारी की है। थाना प्रभारी में बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

सात घरों में चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जेवर कस्बे के पास बन रही कॉलोनी में चोरों ने सात घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोर घरों के बाहर लगे जेनरेटरों के अल्टीनेटर, इनवर्टर व बैटरी को चोरी कर ले गए। मोहल्ला कानून गोयान निवासी राहुल कुमार ने बताया कि जेवर कस्बे के पास एक नई कॉलोनी विकसित हो रही है। इस कॉलोनी में विद्युत विभाग द्वारा अभी कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। इस कारण लोगों ने लाइट के लिए अपने घरों के बाहर जनरेटर लगाए हुए हैं। बीते दिनों रात्रि के समय चोरों ने मुकेश, संजय रावत, अमित गुप्ता, के प्रसाद, पवन कुमार के घर के बाहर लगे जनरेटर से अल्टरनेटर चोरी कर लिए। इसके अलावा वेद प्रकाश के घर के इनवर्टर में लगी चार बैटरी तथा शिवा के घर में लगे इनवर्टर व बैट्री को चोरी कर लिया। चोरों द्वारा एक साथ सात घरों में दी गई चोरी की घटना से यहां रहने वाले लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

प्रज्ञान स्कूल में रामोत्सव के उपलक्ष्य पर सुंदरकांड पाठ

जेवर (चेतना मंच)। अयोध्या धाम में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रज्ञान पब्लिक स्कूल जेवर में रामोत्सव के अंतर्गत 'राम नाम पीयूष धारा' का भव्य आयोजन किया गया जिसमें ग्यारह सौ साधकों (शिक्षक, शिक्षिका छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों) द्वारा समवेत स्वर में सुंदरकांड का पाठ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हरीश शर्मा व प्रधानाचार्या दीप्ति शर्मा ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पण के साथ किया।

प्रबन्धक हरीश कुमार शर्मा ने 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने जा रही भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देश के इतिहास में स्वर्ण काल बताते हुए भगवान श्रीराम को भारत की आत्मा बताया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीप्ति शर्मा ने भगवान श्रीराम के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सभी को भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर अमोल कुमार,विजय शर्मा, शर्मा,आरआरएस जिला कार्यवाह अनुज,सह जिला कार्यवाह राजकुमार, जेवर नगर कार्यवाह, पवन बाबा आदि मौजूद थे।

खास खबर

डॉ नरेश तिवारी, कुलपति आर्यावर्त वि.वि. भोपाल भारतीय अंतर्राष्टीय विज्ञान उत्सव 2023 मे विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित

भोपाल। भारतीय अंतर्राष्टीय विज्ञान उत्सव 2023 का आयोजन 17 से 20 जनवरी 2024 को फरीदाबाद हरियाणा मे किया जा रहा है यह 9 वां विज्ञान उत्सव है जिसमे विश्व भर से 7000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रतिभागी भाग लेंगे है 7 मध्य भारत प्रांत से इस कार्यक्रम मे डॉ. नरेश कुमार तिवारी,कुलपति आर्यावर्त वि.वि.को विशेष रूप से विषय विशेषज्ञ के रूप मे आमंत्रित किया गया है ।यह कार्यक्रम भारत सरकार के विभिन्न विज्ञान एवं प्रोधोगिकी से सम्वन्धित विभाग, हरियाणा सरकार एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित किया जा रह है । इस मे 21 विभिन्न आयाम मे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे । आर्यावर्त वि.वि. के कुलाधिपति डॉ.बृजेन्द्र सिंह गौतम एवं अध्यक्ष डॉ.पुष्पेंद्र सिंह गौतम ,ने डॉ. नरेश कुमार तिवारी को इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं उत्सव की सफलता हेतु शुभकामना प्रेषित की ।

हैम्पटन रियल्टी ने अपने 43 एकड़ के विशाल प्रोजेक्ट में लुधियाना में 200 करोड़ रुपये के हैम्पटन नारायण सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन के शुभारंभ की घोषणा की

लुधियाना। हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड लुधियाना में हैम्पटन नारायण सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण शुरू करने के लिए तैयार है। यह हॉस्पिटल प्रोजेक्ट डॉ. देवी शेट्टी हॉस्पिटल्स की श्रृंखला नारायणा हॉस्पिटल्स लिमिटेड (एनएचएल) के जॉइंट् कोलैबोरेशन से है। नारायणा हॉस्पिटल्स लिमिटेड (एनएचएल) के पास वर्तमान में पूरे देश में 5000 हॉस्पिटल बेड्स हैं। हाल ही में नारायणा हॉस्पिटल्स लिमिटेड को स्वास्थ्य बीमा शुरू करने की भी अनुमति दी गई है। डॉ. देवी शेट्टी पदम श्री और पदम भूषण से सम्मानित हैं। वह विश्व के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञों में से एक हैं। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी और ऑन्कोलॉजी पर फोकस वाला एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल होगा। अन्य विभाग नेफ्रोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक और रोबोटिक सर्जरी होंगे। साथ ही डायलिसिस विभाग भी अलग से स्थापित किया जाएगा। कंपनी को इस प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ने के लिए पंजाब सरकार की लोकल बॉडीज़ से सभी मंज़ूरी मिल गई है। यह 200 बिस्तरों वाला अस्पताल होगा। यह प्रोजेक्ट नेशनल हाईवे एनएच -5 लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर लुधियाना की नगर निगम सीमा के अंदर होगा। इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 200 करोड़ है और इसे वित्त वर्ष 2025-26 तक पूरा किया जाएगा। यह अस्पताल आस-पास के क्षेत्रों में किफायती दर पर अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध कराएगा।

एक्सिस बैंक ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए गारंटी के साथ साझेदारी के तहत एवरेस्ट फ्लीट को दिया 1 अरब का ऋण

मुंबई। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने गारंटको के सहयोग से प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी) के अंग के तौर पर भारत के सबसे बड़े स्वतंत्र फ्लीट प्रबंधन प्रदाता, एवरेस्ट फ्लीट को चार साल से अधिक समय तक के लिए 1 अरब रुपये (लगभग 12.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का ऋण दिया है ताकि देश में पर्यावरण अनुकूल टैक्सियों के रूप में तैनात करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने में मदद की जा सके। आंशिक गारंटी 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समतुल्य फ्रेमवर्क गारंटी समझौते के तहत प्रदान की गई है, जिस पर गारंटको और एक्सिस बैंक ने मई 2022 में हस्ताक्षर किए थे, जो तहत भारत में ई-मोबिलिटी परितंत्र को ऋण देने के लिए 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बीच धन जुटाने की अनुमति देता है। इस हस्तांतरण के ज़रिये एक्सिस बैंक और गारंटको इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग में तेज़ी लाने के लिए एवरेस्ट फ्लीट की रणनीति का समर्थन करेंगे ।

बीमा: 2034 तक सात फीसदी होगी उद्योग की वृद्धि दर, 450 अरब डॉलर तक पहुंचेगा प्रीमियम

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू बीमा क्षेत्र अगले एक दशक तक सात फीसदी की दर से विकास कर सकता है। इस दौरान वित्त वर्ष 2034 तक इसका प्रीमियम दोगुना बढ़कर 450 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इस समय प्रीमियम आय 224 अरब डॉलर है। स्विस रे इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, अगले पांच वर्षों में (2024-28) कुल बीमा प्रीमियम आय सालाना 7.1 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। वैश्विक विकास की औसत दर 2.4 फीसदी और उभरते बाजारों में दर 5.1 फीसदी रह सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक,बीमा जागरूकता अभी 3.8 फीसदी है, जो 10 वर्षों में बढ़कर 4.5 फीसदी हो सकती है।

अर्थव्यवस्था को श्रेय

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2034 तक घरेलू बीमा उद्योग के बढ़ने की दर वैश्विक औसत वृद्धि के दोगुने से भी अधिक होगी।इसका श्रेय भारत की लचीली अर्थव्यवस्था को जाता है, जो अगले पांच वर्षों तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली

सालाना 8 अरब डॉलर नुकसान

रिपोर्ट में भूकंप, बाढ़, चक्रवात, सूखा और जंगल में आग लगने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं का हवाला देते हुए कम जोखिम वाले संरक्षण पर भी प्रकाश डाला गया है। इन घटनाओं से पिछले एक दशक में बीमा कंपनियों को सालाना 8 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआहै।

तो अब ज्यादा लगता झटका

रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात का भुज भूकंप अब आया होता तो नुकसान 30-40 अरब डॉलर का होता। उस समय केवल 10 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ था।

मीडिया सेक्टर में अडानी का नया दांव, न्यूज एजेंसी आईएएनएस इंडिया में बढ़ाई बड़ी हिस्सेदारी

नईदिल्ली, एजेंसी। अरबपति गौतम अडानी समूह का मीडिया सेक्टर में दबदबा बढ़ रहा है। अडानी समूह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। शेयर बाजार को दी जानकारी में समूह की लीडिंग कंपनी- अडानी एंटरप्राइजेज ने बताया कि उसकी सहायक एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 5 करोड़ रुपये के नए शेयर खरीदे हैं। एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने वोटिंग राइट्स के साथ आईएएनएस शेयरों पर अपना स्वामित्व बढ़ाकर 76 प्रतिशत और लगभग सभी गैर-वोटिंग शेयरों पर पहले के 50.5 प्रतिशत से बढ़ा दिया है। अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि वोटिंग अधिकार वाली कैटेगरी-1 में, एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने अपनी हिस्सेदारी 50.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 76 प्रतिशत कर दी है, जबकि वोटिंग अधिकार के बिना कैटेगरी-2 में हिस्सेदारी बढ़ाकर 99.26 प्रतिशत कर दी गई है। शेयरों के अलॉटमेंट को आईएएनएस के बोर्ड ने 16 जनवरी, 2024 को हुई बैठक में मंजूरी दे दी थी।

आपको बता दें कि दिसंबर 2023 में, अडानी ग्रुप ने न्यूजवायर एजेंसी आईएएनएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 5.1 लाख में 50.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली थी। अडानी ने पिछले साल मार्च में मीडिया कारोबार में कदम रखा था। समूह ने क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया का अधिग्रहण करने का ऐलान किया। इसे डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म बीक्यू प्राइम संचालित करता है। इसके बाद दिसंबर में इसने ब्रॉडकास्टर एनडीटीवी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली। वित्तीय वर्ष 2022-23 (अप्रैल 2022 से मार्च 2023) में आईएएनएस का राजस्व 11.86 करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में अडानी समूह ने मीडिया के अलावा कोयला, एनर्जी वितरण, डेटा सेंटर और हाल ही में सीमेंट और तांबे के उत्पादन में सक्रियता बढ़ाई है। इसने एक निजी नेटवर्क स्थापित करने के लिए 5त्न टेलीकॉम स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई और अधिग्रहण भी किया। बता दें कि अडानी समूह की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर आज बुधवार को 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 3,009.85 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। इस साल वायटीडी में यह शेयर 3 प्रतिशत गिरा है। इसका 52 वीक का हाई प्राइस 3,649.05 और 52 वीक का लो प्राइस 1,017.10 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 3,43,140.34 करोड़ रुपये है।

शेरा जाम्बिया लिमिटेड के उद्घाटन के साथ शेरा एनर्जी का जाम्बिया में वेंचर्स

मुंबई, एजेंसी। शेरा एनर्जी लिमिटेड जो नॉन फेरस मेटल से बने वाइंडिंग वायर्स और स्ट्रिप्स के निर्माण के बिजनेस में प्रवृत्त, यह कंपनी गर्व से जाम्बिया जैसे तेजी से विकासशील देश में अपनी नई सहायक कंपनी, शेरा ज़ाम्बिया लिमिटेड की स्थापना की घोषणा गर्व के साथ करती है। कंपनी के नवीनतम उद्यम का उद्देश्य जाम्बिया में आयात पर वर्तमान निर्भरता को संबोधित करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले वाइंडींग वायर्स और केबल का उत्पादन करना है। शेरा जाम्बिया लिमिटेड रणनीतिक रूप से न केवल स्थानीय बाजार बल्कि तंजानिया, कांगो, अंगोला, जिम्बाब्वे, नामीबिया, रवांडा जैसे पड़ोसी देशों में भी कार्यरत है। यह सुविधा विश्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा वित्त पोषित इन्फ्रास्ट्रक्चर योजनाओं द्वारा संचालित अपने उत्पादों की बढ़ती मांग को कैपीटलाइज़ करती है। लगभग 10 करोड़ के शुरुआती निवेश के साथ, कंपनी ने पहले ही जाम्बिया में 5 करोड़ के आर्डर प्राप्त कर लिए हैं। शेरा जाम्बिया लिमिटेड, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी के लिए जाम्बिया के प्रचुर मात्रा में तांबा, सीसा, जस्ता और कोबाल्ट का उपयोग करने की योजना बना रहा है।

कंपनी स्थानीय स्तर पर मूल्य जोड़ेगी, और भारत में निर्यात करेगी, जिससे पारस्परिक रूप से लाभकारी आपूर्ति श्रृंखला बनेगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए, शेरा जाम्बिया अपने माइनिंग लीज़ के ज़रिये स्थायी प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। शेरा एनर्जी लिमिटेड ने शेरा जाम्बिया लिमिटेड में 10 करोड़ के निवेश को निधि देने के लिए 11 करोड़ का विनिवेश किया है। कंपनी की 98त्न पूंजी हिस्सेदारी है। शेष दो प्रतिशत प्रवर्तक समूह के स्वामित्व में है। यह कदम शेरा एनर्जी लिमिटेड के अंतरराष्ट्रीय विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जाम्बिया और व्यापक मध्य अफ्रीकी क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देता है। शेरा एनर्जी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री नसीम शेख ने कहा, ÷हम जाम्बिया जैसे तेजी से विकासशील देश में शेरा जाम्बिया लिमिटेड की स्थापना की घोषणा करते हुए उत्साहीत हैं। यह रणनीतिक कदम हमारी अंतरराष्ट्रीय विकास योजनाओं के साथ संरेखित है, जयपुर में उत्पादन क्षमता में 10 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। हमने जाम्बिया, जो कि खनिजों में प्रचुर देश है, उस देश की संभावनाओं पर एक विस्तृत अध्ययन किया है। जाम्बिया में हमारे सेल्स का लक्ष्य है, बाजार से खनिज उत्पादों को खरीदकर, उनका मूल्य संवर्धित करके भारत को वापस निर्यात करके ।

किंग खान ने नए और बेहतर टाइड को लॉन्च किया, जिसमें बूस्टेड स्टेन मैगनेट्स हैं

मुंबई, एजेंसी। टाइड0 ,दुनिया का नंबर 1डिटर्जेंट ब्रांड, के पास उत्कृष्ट लॉन्ड्री समाधान उपलब्ध करानेके अपने ट्रेडिशन को जारी रखते हुए, एक खास पार्टनरशिप के बारे में जबरदस्त खबर है। पिछले दस वर्षों में, टाइड ने नई उत्पादों जैसे टाइड मैटिक लिक्विड और टाइड पॉड्स को शामिल करके नवाचार पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। टाइड का वादा है की वो उपभोक्ताओं को उनकी बदलती आदतों, कपड़ों और खान-पान की पसंदगी और जीवनशैली को अपनाकर खुश रखेगा।

इन परिवर्तनों के जवाब में, टाइड बूस्टेड स्टेन मैग्नेट के साथनए और बेहतर संस्करण का शुभारंभ कर रहा है। यह उन्नत फॉर्मूला चाय, कॉफी, तेल और ग्रेवी जैसे कठिन दागों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे पूरी सफाई सुनिश्चित होती है। यह सिर्फ जिद्दी दागों को हटाने के लिए ही नहीं, बल्कि यह आपके कपड़ों को लंबे समय तक ताजगी भरे रखता है। टाइड को हैंडवाशिंग और मशीन वाशिंग दोनों के लिए उपयुक्त क्लीनिंग रसायन के साथ बनाया गया है, जिससे आपके कपड़े अत्यधिक सफेदी और ताजगी बनाए रख सकते हैं।

इस प्रयास में, प्रतिष्ठित ब्रांड, टाइड नेप्रशंसकों और उपभोक्ताओं को खुश करने के लिए एक संयुक्त प्रतिबद्धता में एकजुट होकर, प्रिय भारतीय हस्ती, शाहरुख खान के साथ साझेदारी करने का फ़ैसला कियाहै।किंग खान की पूर्णता और निर्विवाद उत्कृष्टता की निरंतर खोज टाइड के उपभोक्ता वादे की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। नए और बेहतर टाइड ने इस साझेदारी को एक यादगार, नए प्रचार के माध्यम से जीवंत किया है। इस परिवर्तनकारी लॉन्च के केंद्र में एक आकर्षक साझेदारी है जो प्रतिष्ठित शाहरुख खान के साथ है! सुपरस्टार टाइड को असली एसआरके - स्टेन रिमूवल किंग के रूप में प्रचारित करने के लिए एक ब्रांड एंबेसडर के रूप में टाइड इंडिया में शामिल हो गए हैं। साझेदारी पर बोलते हुए, किंग खान ने कहा, टाइड के साथ यह सहयोग सिर्फ एक ब्रांड का समर्थन करने के बारे में नहीं है; यह पूर्णता के प्रति साझेदारी और उत्कृष्टता की निरंतर पुनरागमन के बारे में है। मुझे खुशी है कि मुझे इस प्रकार के साझेदारी में शामिल होने का मौका मिला है और टाइड को असली एसआरके के रूप में अनुशंसित करता हूं। टाइड की नई और बेहतर परफॉरमेंस और दाग हटाने की इसकी क्षमता उपभोक्ताओं को उनकी लॉन्ड्री जरूरतों में आनंदित करेगी।

मुक्ता माहेश्वरी, मुख्य विपणन अधिकारी, पी एंड जी इंडिया और उपाध्यक्ष, फैब्रिक केयर, पी एंड जी इंडिया ने इस नई साझेदारी पर बोलते हुए कहा- टाइड जो दुनिया का नंबर 1 डिटर्जेंट ब्रांड है, जो रोजमर्रा कीउपभोक्ता आवश्यकताओं की जरूरतों को प्रमुखता के साथ हल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे ब्रांड को ज्यादा पसंद किया जाता है। शाहरुख खान के साथ हुई इस साझेदारी और उनके नए और बेहतर टाइड को स्टेन रिमूवल किंग के रूप में समर्थन पर हम बहुत खुश हैं। टाइड, दुनिया का नंबर एक डिटर्जेंट ब्रांड,उनलॉन्ड्री समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो उपभोक्ताओं को हर दिन खुशी देता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। इस चल रहे प्रयास में, हम उत्साहित हैं कि टाइड ने जिद्दी, गहरे दागों को खत्म करने और सबसे कठिन दागों पर भी असाधारण सफाई प्रदर्शन प्रदान करने की अपनी क्षमताओं को बढ़ाया है।

वार्डविज़ार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी। वार्डविजार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी लिमिटेड (बीएसई कोड 538970), ईवी सेगमेंट की एक अग्रणी ऑटो निर्माण कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, वार्डविज़ार्ड इनोवेशन एंड मोबिलिटी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री यतिन गुप्ते ने कहा, ÷हमें वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में अपने असाधारण वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो मजबूत विकास को उजागर करता है जो गतिशील भारतीय बाजार में टिकाऊ और अभिनव इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बिक्री की मात्रा में वृद्धि हमारे द्वारा प्रदान किये गये सेवा की स्वीकृति को प्रदर्शित करती है। विपणन में हमारे रणनीतिक निवेश ने सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए हैं, और हम बिक्री की मात्रा के ऊपर की ओर प्रक्षेपवक्र जारी रखने की आशा करते हैं। यह बदले में, सकारात्मक पूर्वाग्रह के साथ हमारी कंपनी के प्रदर्शन को मजबूत करेगा।जैसा कि हम सक्रिय रूप से आगे विस्तार और विकास का पीछा करते हैं, वार्डविज़ार्ड ने हमारी धन उगाहने वाली गतिविधियों के लिए बिचौलियों को सफलतापूर्वक नियुक्त किया है। यह रणनीतिक कदम हमें भविष्य के विकास और विकास के लिए अच्छी तरह से स्थान देता है क्योंकि हम इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के गतिशील परिदृश्य को नेविगेट करना जारी रखते हैं।

एडिक्टिव लर्निंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ 19 जनवरी को खुलेगा

मुंबई, एजेंसी। एडिक्टिव लर्निंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, एक पेशेवर अपस्केलिंग और कैरियर सेवाओं से संबंधित एक विज्ञापन कंपनी है, 19 जनवरी को एक प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के साथ बाजार में प्रवेश कर रही है। कंपनी का लक्ष्य 60.15 करोड़ रुपये जुटाने का है, जिसमें एनएसई एमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध शेयर हैं। इस्यू का कद 41,37,000 शेयरोका है. और बिक्री के लिए प्रस्ताव (एफएस) 1,60,000 शेयरो तक है, जो 10 रुपये के अंकित मूल्य पर है। आईपीओ से शुद्ध आय का उपयोग अधिग्रहण (भारत या विदेशों में) के लिए किया जाएगा और अधिग्रहण, प्रौद्योगिकी में निवेश, नए पाठ्यक्रमों का विकास, ब्रांडिंग और विपणन, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट लागतों की पहचान की जाएगी। एंकर के लिए बोली 18 जनवरी, 2024 को खुलेगी और यह इस्यू 23 जनवरी, 2024 को बंद हो जाएगा। इस्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर नार्नोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड है। रजिस्ट्रार मशीत्ला प्राइवेट लिमिटेड है। हम अपने आगामी आईपीओ की घोषणा करने के लिए उत्साहित हैं, एक नए अध्याय की शुरुआत को चिह्नित करते हुए आनंदित है ऐसा एडिक्टिव लर्निंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री रामानुज मुखर्जी ने कहा। अनुभवी पेशेवर और व्यापक अनुभव सहित, प्रयोगात्मक शिक्षा हमारे अविश्वसनीय समर्पण एडटेक परिदृश्य में बढ़ी है। नार्नोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (इन्वेस्टमेंट बैंकिंग) के निदेशक श्री विपिन अग्रवाल ने कहा, एडिक्टिव लर्निंग टेक्नोलॉजी का आईपीओ एक महत्वपूर्ण लक्ष्य दिखाता है, हम उनकी यात्रा का हिस्सा बनकर खुश हैं। विज्ञापन में विभिन्न शैक्षिक समाधानों की एक मजबूत प्रतिष्ठा और विभिन्न रेंज के साथ, कंपनी के उन्नत और शैक्षिक समाधान के लिए प्रतिबद्धता की एक विस्तृत श्रृंखला है।

सैमसंग ने फ्यूचर फेस्ट की घोषणा की

गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड, सैमसंग ने द फ्यूचर फेस्ट की घोषणा की है। फ्यूचर फेस्ट में सैमसंग ने अपने प्रीमियम, 55 इंच और उससे बड़ी स्क्रीन के टीवी, जैसे कि नियो क्यूएलईडी 4 के और 8 के, ओएलईडी, क्यूएलईडी और क्रिस्टल 4 के यूएचडी टीवी पर शानदार उपहारों और आकर्षक कैशबैक की घोषणा की है। फ्यूचर फेस्ट उपभोक्ताओं के लिए भविष्य के सिनेमा का अहसास लेने और सैमसंग टीवी के नए मॉडल खरीदकर घरों में मौजूदा टीवी को अपग्रेड करने का शानदार मौका है। गणतंत्र दिवस पर ढेर सारे उपहारों के साथ यूजर्स नए मॉडलों की डॉल्बी एटमॉस, न्यूरल एआईक्वांटम प्रोसेसर और एआई अपस्केलिंग जैसी खूबियों के साथ घर पर भविष्य के थियेटर या सिनेमाहॉल का अनुभव कर सकते हैं। ये ऑफर्स 31 जनवरी 2024 तक प्रभावी रहेंगे। इसके तहत ग्राहक सैमसंग का बिग स्क्रीन टीवी खरीद कर 1,24,999 रुपये मूल्य का गैलेक्सी एस-23 अल्ट्रा (12/256जीबी वैरिएंट), 69,990 रुपये का 50-इंच क्यूएलईडी 4 के द सेरिफ टीवी, और 37,990 रुपये की कीमत वालावायरलेस साउंडबार जैसे सुनिश्चित मुफ्त उपहार प्राप्त कर सकते हैं। ऑफर की अवधि के दौरान सैसमंग का 98-इंच नियो क्यूएलईडी 4 के और क्यूएलईडी 4 के टीवी खरीदने पर 1,24,999 रुपये मूल्य का गैलेक्सी एस 23 अल्ट्रा मुफ्त मिलेगा। सैमसंग के 50-इंच और उससे बड़ी स्क्रीन के चुनिंदा मॉडलों, जैसे कि नियो क्यू एलईडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और क्रिस्टल 4 के यूएचडी टीवी की खरीद पर 37,990 रुपये का सैमसंग क्यू सीरीज साउंडबार मिलेगा। इससे पिक्चर की बेमिसाल क्वॉलिटी के साथ जबर्दस्त आवाज मिलती है। सैसमंग के चुनिंदा 85-इंच और 75-इंच नियो क्यूएलईडी टीवी की खरीद पर उपभोक्ता 69,990 रुपये की कीमत का सैमसंग का 50 इंच का क्यूएलईडी 4 के द सेरिफ टीवी मुफ्त में हासिल कर सकते हैं। यह सीमित अवधि का ऑफर आपको एक टीवी की कीमत पर दो अविश्वसनीय और शानदार टीवी घर ले जाने की इजाजत देता है। सैमंगल के 65 और 55 इंच के ओएलईडी और क्यूएलईडी 4 के टीवी की खरीद पर उपभोक्ताओं को 15,990 रुपये का सैमंसग साउंडबार मुफ्त मिलेगा।

फिर दिखाई उत्कृष्टता: दिसंबर तिमाही में चॉइस इंटरनेशनल ने फिर किया बेहतर प्रदर्शन

मुंबई। चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड (बीएसई-531358, एनएसई-चॉइसइन), भारत भर में काम करने वाली अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक (सीआईएल, च्वाइस या कंपनी) ने तिमाही और 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाले 9 महीनों के लिए अपने परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही बनाम बनाम वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही का समेकित वित्तीय प्रदर्शन कुल राजस्व 209.8 करोड़ रुपए बनाम 98.4 करोड़ रुपए, ईबीआईटीडीए 69.2 करोड़ रुपए बनाम 26.3 करोड़ रुपए। ईबीआईटीडीए मार्जिन 33त्न बनाम 27त्न पीएटी 40.3 करोड़ रुपए बनाम पीएटी 13.9 करोड़ रुपए चॉइस ने 113त्न की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि के साथ एक और तिमाही का समापन किया है, वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में हमने 209.8 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 24 के 9 महीनों में हमने 542.9 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया, जो सालाना आधार पर 112प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में हमारा दृढ़ प्रदर्शन इस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सफलता को समेकित करते हुए, वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के लिए ईबीआईटीडीए और पीएटी क्रमश- 69.2 करोड़ रुपए और 40.3 करोड़ रुपए रहा।

बाजार में तूफान लाने के लिए तैयार है नई ह्युंडई क्रेटा

ह्युंडई की ग्लोबल डिजाइन लैंग्वेज सेंसुअस स्पोर्टीनेस पर आधारित है क्रेटा

गुरुग्राम, एजेंसी। ह्युंडई मोटर इंडिया ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित नई ह्युंडई क्रेटा को लॉन्च कर दिया है। क्रेटा ब्रांड की सफलता एवं विरासत पर तैयार नई ह्युंडई क्रेटा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की तरफ कदम बढ़ाने, सेगमेंट को नई परिभाषा देने वाली सुरक्षा, शानदार परफॉर्मेंस और आराम एवं सहूलियत भरे फीचर्स का वादा करती है। नई ह्युंडई क्रेटा का कोई जोड़ नहीं है, जिससे इसके अनडिस्प्यूटेड, अल्टीमेट होने की झलक दिखती है। नई ह्युंडई क्रेटा की लॉन्चिंग के मौके पर ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ श्री उनसू किम ने कहा, ह्युंडई क्रेटा भारत के पसंदीदा ब्रांड में से है, जिसे 9 लाख से ज्यादा ग्राहकों ने खरीदा है और यह गिनती अभी भी बढ़ रही है। इसने भारत को लाइव द एसयूवी लाइफ बनाया है। नई ह्युंडई क्रेटा सड़क पर अपनी जबर्दस्त प्रजेंस, एडवांस्ड लेवल 2 एडीएएस सेफ्टी, पावरफुल 1.5 लीटर टर्बो जीडीआई इंजन जैसे सेगमेंट के अग्रणी फीचर्स और सहूलियत एवं एक्टिव व पैसिव सेफ्टी फीचर्स साथ भारत में एक बार फिर एसयूवी की दुनिया को नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।

बीएलएस इंटरनेशनल एफजेडई, यूएई ने टर्की की वीज़ा और कांसुलर सेवा देने वाली, आई डेटा में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। सरकारों और नागरिकों के लिए दुनिया की अग्रणी टेक-इनेबल्ड सेवा भागीदार, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड (बीएलएस) ने आज घोषणा करी कि उसने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल एफजेडई, यूएई द्वारा एक निश्चित शेयर खरीद समझौता किया है, जिसके अंतर्गत यह आईडेटा डैनिस्मैनलिक वे हिज़मेट डिस टिकारेट एनोनिम सिरकेटी में 100त्न हिस्सेदारी और 50 मिलियन यूरो (450 करोड़ रुपये) के उद्यम मूल्य में इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के साथ अतिरिक्त माइलस्टोन आधारित भुगतान हासिल करेगी। आईडेटा, टर्की का दिग्गज है, जिसे वीज़ा और कांसुलर सेवाओं में महारथ हासिल है, जो बीएलएस के विस्तारित पोर्टफोलियो में चार चांद लगा देगा।

टर्की में संस्थापित, आई डेटा कई सरकारों को व्यापक वीज़ा आवेदन और कांसुलर सेवाएं देती है। फिलहाल यह कंपनी 15 से भी ज़्यादा देशों में लगभग 37 से भी ज़्यादा वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर (वीएसी) चलाती है, जो जर्मनी, इटली और चेक गणराज्य के राजनयिक मिशनों को सेवा देती है। आईडेटा ख़ास तौर वर्ष 2006 से इटली राजनयिक मिशन और वर्ष 2012 से कुछ भौगोलिक क्षेत्रों में जर्मन सरकार के लिए वीज़ा और कांसुलर सेवाओं को देने वाली रही है। कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए ऑडिट किए गए समेकित वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, आई डेटा ने यूरो 19.9 मिलियन (180 करोड़ रुपये) का राजस्व और यूरो 10.4 मिलियन (94 करोड़ रुपये) का इबीआइटीडीए हासिल किया है। इस अधिग्रहण को मुख्य रूप से हमारे आंतरिक स्त्रोतों द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा।

इसके अलावा, इस सौदे के पहले दिन से ईपीएस अभिवृद्धि होगी और सरकार और नियामक अनुमोदन के अधीन, चालू वित्तीय वर्ष में इसके पूरा होने की उम्मीद है।

जहां इस सौदे पर प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (पीडब्ल्यूसी), तुर्की और लैग्रेंज प्वाइंट एडवाइजर्स एलएलपी, मुंबई ने मिलकर बीएलएस के लेनदेन सलाहकार के रूप में काम किया है। वहीं डेंटन्स लिंक लीगल, भारत और बाल्सियोग्लु सेल्कुक अर्दियोक केकी अटॉर्नी पार्टनरशिप (बेसक), तुर्की ने इस सौदे के लिए कानूनी सलाहकार के रूप में काम किया है।

राष्ट्रीय यूवा पुरस्कार 2024, नासिक में हुए संपन्न

नासिक। 27 वें राष्ट्रीय महोत्सव के चौथे दिन देश भर से आये 15 युवाओं को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय राज्यमंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय श्री निशीथ प्रमानिक के हाथों युवाओं सम्मानित हुआ। इस दौरान युवा मंत्रालय की डायरेक्टर माननीय श्रीमती वनिता सूद, माननीय विभागीय आयुक्त श्री राधाकृष्ण गमे और महाराष्ट्र के माननीय खेल आयुक्त डॉ.सुहास दिवसे मौजूद रहे। नासिक शहर में आयोजन हो रहे राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित युवाओं के नाम कुछ इस प्रकार है -श्री अधि दैव, गुरुग्राम, हरियाणा, श्री अंकित सिंह, छत्तरपुर, मध्य प्रदेश, श्री बिसाठी भरत, अनंतपुरम, आंध्र प्रदेश, श्री केवल किशोरभाई पावरा, बोटाद, गुजरात, सूश्री पल्लवी ठाकुर, पठानकोट, पंजाब, श्री प्रभात फोगाट, झज्जर, हरियाणा, श्री राम बाबू शर्मा, जयपुर, राजस्थान, श्री रोहित कुमार, चंडीगढ़, सुश्री साक्षी आनंद, पटना, बिहार, श्री सम्राट बसाक, धलाई, त्रिपुरा, श्री सत्यदेव आर्य, बरेली, उत्तर प्रदेश, सुश्री वैष्णवी श्याम गोतमारे, अकोला, महाराष्ट्र, सुश्री विधी सुभाष पलसापुरे, लातूर, महाराष्ट्र, सुश्री विनीशा उमाशंकर, तिरुवन्नामलाई, तमिलनाडु, श्री विवेक परिहार, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर से प्रमुख विजेता रहे।

विमान का विकल्प बनीं हाई-स्पीड ट्रेनें

विमानतलों और हाईवे पर तेजी से बढ़ती भीड़ ने कई देशों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि विमान का अगला विकल्प क्या। हाई-स्पीड ट्रेनें इसके विकल्प के रूप में सामने आईं और अब आगे के 10 साल तमाम देश इसी पर काम करने वाले हैं। 300 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनें अमेरिका, योरप और जापान में तेजी से अपनाने की तैयारी है।

इन ट्रेनों को मेगलेव ट्रेन भी कहा जाता है, क्योंकि इनके चलने पर पटरियों और इनके बीच में एक चुंबकीय क्षेत्र बनता है इसीलिए इसे मेग्नेटिक लेविटेशन कहा जाता है। इसका ट्रेक जमीन पर 2 से 5 फुट जमीन के भीतर रहता है। यही मेगलेव का कमाल है। यह ट्रेन को लॉक कर देता है।

इस पर दारोमदार

सारा खेल इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड का रहता है। इसमें साधारण चुंबक लगते हैं। इस मेगलेव को मुड़ने में करीब 50 मीटर की गोलाई की जरूरत होती है। जनरल ऑटोमिक्स नामक कंपनी पिछले तीन साल से इस पर सेन डिएगो में काम किया। इसके लिए विशेष तरह की पटरियां बनाई गई।

नस-नस में बिजली

ट्रेन के ऊपर लगी बिजली की लाइनों से उसे 12 से 25 किलोवॉट तक की बिजली प्रदान की जाती है। इसे पेंटोग्राफ द्वारा पारेषित किया जाता है। इसके अलावा हाई स्पीड ट्रेन में एसी ट्रेक्शन मोटर लगती है। जहां तक पटरियों का सवाल है तो ट्रेन इससे जुड़ी तो होती है, लेकिन वह लॉक कर दी जाती है। चूंकि मोड़ पर भी ट्रेन की गति कम नही होती इसके लिए इसमें हायड्रोलिक टिल्टिंग मैकेनिज्म प्रयुक्त किया जाता है।

ट्रेन और विमान का अंतर

ट्रेनों की गति इतनी है तो विमान से तुलना करना लाजमी है। यह आकलन भी प्रस्तुत किया जा रहा है कि ट्रेन में एक निश्चित यात्रा समय में कितनी ऊर्जा लगती है और विमान में कितनी लगती है। साथ ही उत्सर्जन का अंतर भी दिया गया है।

क्या भारत में चल पाएगी बुलेट ट्रेन ?

दुनिया के कई देशों में ट्रेनें 250-300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं लेकिन भारत में ट्रेनें इसकी आधी गति को भी नहीं छू पाई हैं। हालांकि अब भारत सरकार ने ट्रेनों की रफ्तार को बढ़ाने के लिए उपाय करने शुरू किए हैं। भारतीय रेल अधिकारियों के अनुसार देश में सबसे तेज ट्रेन इस समय भोपाल शताब्दी है जो दिल्ली और आगरा के बीच कहीं-कहीं 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती है। भारत की तेज गति की मानी जाने वाली शताब्दी ट्रेनें 70 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से ही चल पाती हैं। भारत के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है लेकिन रफ्तार के मामले में वो बहुत पीछे है।

क्यों है भारत पीछे?

रेलवे विश्लेषकों का कहना है कि भारत को चीन, जापान और अन्य देशों के आस-पास पहुंचने में 15 साल से अधिक लग सकते हैं लेकिन मौजूदा ट्रैकों में बदलाव करने के बाद इनकी गति को 200 किलोमीटर तक बढ़ाया जा सकता है। लेकिन सवाल ये है कि भारत के बाकी देशों से इतना पिछडने का आखिर कारण क्या है? रेलवे बोर्ड के पूर्व चेयरमैन का कहना है कि भारत इतना खर्च बर्दाश्त ही नहीं कर सकता। पहले सुरक्षा देखनी होती है। हमारे लिए वक्त इतना कीमती नहीं है। उनका कहना है कि भारत की धीमी चलने वाली ट्रेनों का कारण यहां के ट्रैक हैं। तेज गति के लिए जरूरी है कि मोड़ तीखे न हों, साथ में ये भी कि कोई मानवरहित फाटक न हों।

ट्रेन में ऐसा

- यात्रा का समय- 2 घंटे 54 मिनट (मेगलेव), 4 घंटे 35 मिनट स्टील के पहियों पर।
- प्रति यात्री मील पर प्रयुक्त ऊर्जा- 1180 बीटीयू (मेगलेव में), 1200 बीटीयू स्टील के पहियों वाली ट्रेन में।
- प्रति यात्री मील कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन- 0.47 पाउंड (मेगलेव), 0.48 पाउंड (स्टील व्हील पर)

विमान में ऐसा

- यात्रा का समय- 2 घंटे 20 मिनट (इसमें 1 घंटे पहले का चैक इन समय शामिल)
- प्रति यात्री मील प्रयुक्त ऊर्जा-3264 बीटीयू
- प्रति यात्री मील कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन- 1.06 पाउंड (बीटीयू यानी ब्रिटिश थर्मल यूनिट 1 बीटीयू द करीब 1056 जूल)

छा रही है चीनी बुलेट ट्रेन

जर्मनी के उद्यम चीन के बाजार में आसान प्रवेश की मांग कर रहे हैं तो चीनी कंपनियां यूरोपीय बाजार में सेंध लगा रही हैं। हाई स्पीड ट्रेन के निर्माता पश्चिम में उत्पाद बेच रहे हैं और इससे यूरोपीय कंपनियां प्रभावित होंगी।

पहले उत्पादन का गढ़ और कम तकनीकी क्वालिटी और सस्ती मजदूरी पर निर्भर उत्पादों के लिए जाना जाने वाला चीन अब बेहतरी की ओर बढ़ रहा है और उच्च तकनीकी उत्पादों का निर्यातक बनता जा रहा है। यह बदलाव हाई स्पीड ट्रेन के बाजार में भी देखा जा सकता है। जब चीन ने एक दशक पहले देश भर में हाई स्पीड रेल नेटवर्क बनाने का फैसला किया तो वहां इनके उत्पादन का कोई ढांचा नहीं था। उसे जर्मन कंपनी सीमेंस, फ्रांसीसी कंपनी आलस्ट्रोम और जापानी कंपनी कावासाकी से ट्रेन का आयात करना पड़ा।

लेकिन अब चीनी कंपनियों ने तेज गति रेलगाड़ी बनाने की तकनीक में महारत हासिल कर ली है और विदेशों में बाजार खोज कर स्थापित कंपनियों को टक्कर दे रहे हैं। चीन का साउथ लोकोमोटिव एंड रोलिंग स्टॉक कॉरपोरेशन एशिया की सबसे बड़ी ट्रेन निर्माता है। उसने हाल ही में मेसेडोनिया को छह बुलेट ट्रेन बेचने का करार किया है। रोमानिया और हंगरी जैसे देशों में उसने हाई स्पीड रेल लाइन बनाने का भी समझौता किया है। चीन एशिया और अफ्रीका के देशों में भी तेज गति रेल तकनीक बेचने की कोशिश कर रहा है।

खरीदार से विक्रेता

चीन की इस योजना के पीछे बहुत व्यापक निवेश भी है। उसने बुलेट ट्रेन के घरेलू ढांचे के निर्माण पर अब तक 50 करोड़ डॉलर खर्च किया है। हालांकि घूसखोरी के आरोपों और 2011 में बड़ी दुर्घटना के कारण इसकी गति धीमी हुई थी, लेकिन अब वह फिर से जोर पकड़ रहा है। आधुनिक रेल ढांचे के निर्माण की योजना के तहत उसने देश भर में 11,000 किलोमीटर हाई स्पीड रेल लाइन बिछाई है। पहले उसने विदेशी कंपनियों से ट्रेन और संबंधित तकनीक खरीदी लेकिन इस बीच चीनी इंजीनियर 350 से 400 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली गाड़ियां बना रहे हैं। हालांकि चीन पर विदेशी तकनीकी की चोरी का आरोप लगाया जाता है

लेकिन चीन इसे पुनर्आविष्कार का नाम देता है।

विदेशी मामलों के लिए यूरोपीय परिषद के चीन विशेषज्ञ थोमस कोएनिष कहते है कि संयुक्त उद्यम के जरिए विदेशी तकनीक पाना विश्व भर में मान्य प्रथा है और मुझे शक है कि यह कोई विशिष्ट चीनी रवैया है। इतना ही नहीं घरेलू उत्पादन बढ़ाने से उत्पादन का खर्च घटा है जिसकी वजह से चीनी कंपनियां जर्मनी और फ्रांस के प्रतिस्पर्धियों से बेहतर स्थिति में हो गए हैं।

प्रतिस्पर्धा के मौके

प्रतिस्पर्धा का मामला सिर्फ ट्रेन के बाजार तक सीमित नहीं। यूरोपीय संघ के सुरक्षा शोध संस्थान की एशिया एक्सपर्ट निकोला कासारिनी बताती हैं कि जैसे जैसे चीनी उत्पाद यूरोपीय उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, यूरोप चीन से पिछड़ रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि सीमेंस जैसी कंपनियों की तुलना में चीन की सरकारी रेल कंपनियों को निवेश की गारंटी का फायदा है। कोएनिष कहते हैं कि चीन ने बाजार की संभावना को काफी पहले पहचान लिया है और उसका फायदा उठा रहा है। उभरते बाजारों में तेजी से बढ़ती आबादी और लोगों के शहरों में जाने की वजह से हाई स्पीड ट्रेनों की मांग अगले दो दशकों में और बढ़ेगी। भारत, रूस और ब्राजील जैसे देश अपनी तेज गति रेल परियोजनाओं पर बहस कर रहे हैं। भारत सरकार भी इस तरह की परियोजना पर काम कर रही है। विकसित देशों में जहां तकनीकी और सुरक्षा के अच्छे रिकॉर्ड रहे हैं, यूरोपीय कंपनियों को बाजार में बड़ा हिस्सा मिलता रहेगा। लेकिन चीन की कंपनियां विकासशील देशों में महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी बन जाएंगी। आर्थिक विश्लेषक राजीव विश्वास कहते हैं, यूरोपीय कंपनियों के पास चीन से प्रतिस्पर्धा के भरपूर मौके होंगे यदि वे उत्पादन खर्च, तकनीक और वित्त जैसे मुख्य इलाकों में प्रभावी तरीके से रणनीति बना पाते हैं। यूरोपीय कंपनियों को विकासशील देशों में सहयोगी कंपनियों के साथ साझा उद्यम बनाने जैसे कदम उठाने होंगे ताकि उत्पादन का खर्च घटाया जा सके।

जरूरी है क्लास में सवाल करना

दोस्तों, मैडम तुम्हें जो भी पढ़ाती हैं, अगर उसमें से कुछ समझ नहीं आ रहा है या कोई और सवाल मन में आता है, तो उसे पूछो जरूर। ताकि कोई उलझन नहीं रहे और एक बार में ही बात समझ में आ जाए।

क्या तुम क्लास में सवाल पूछते हो? तुम्हारे सवाल किस किस्म के होते हैं? तुम्हें पता है कि सवाल करना भी बेहद जरूरी होता है। लेकिन, सवाल किया ही जाए, यह कोई जरूरी नियम नहीं है। हां, जब तुम्हें क्लास में पढ़ाया जा रहा पाठ समझ ही नहीं आ रहा है, तब तो सवाल पूछना ही चाहिए। इससे तुम्हें विषय को समझने में मदद मिलती है।

सवाल भी अजब-गजब होते हैं। तुम्हारी ही कक्षा का एक बच्चा पूछता है कि मैडम, हवा क्यों चलती है? सूरज आसमान में ही क्यों दिखाई देता है? वगैरह। ऐसे सवालों को पूछने से पहले कम से कम दो बार सोच लेना चाहिए कि क्या मैं जो पूछने वाला हूं, वह औरों के लिए भी जानकारी देने वाला हो सकता है? अगर इसका उत्तर हां है, तो फिर चुप नहीं बैठना चाहिए। फिर तो फटाफट सवाल पूछ कर एक बार में ही सब साफ-साफ समझ लो।

कुछ सार्थक सवाल इस तरह के हो सकते हैं- हमें अपने आसपास सफाई क्यों रखनी चाहिए? सर्दी में हमें किस प्रकार के कपड़े पहनने चाहिए? पेड़ों के कटने और पहाड़ों के खोदने से हमारे जनजीवन पर क्या असर पड़ सकता है? आदि। सवाल के कई रूप होते हैं। जैसे कि कौन है? क्या है? कैसे है? कहां है? इन्हीं सवालों के मार्फत हमें जवाब मिलते हैं, जो हमारी जानकारी और जिज्ञासा को शांत करते हैं।

आपदा से हो बचाव...

पिछले दिनों 13 अक्टूबर को इंटरनेशनल डे फॉर नेचुरल डिजास्टर रिडक्शन मनाया गया, यानी ऐसा दिन जब प्राकृतिक आपदाओं को कैसे रोका जाए, इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है। देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए यह दिवस मनाया गया।

बचाव के उपाय हैं आवश्यक

दोस्तों, हाल में जम्मू-कश्मीर में आई भीषण बाढ़ व उससे होने वाली तबाही के बारे में तुमने सुना ही होगा। कुछ ऐसी ही बाढ़ और तबाही पिछले साल उत्तराखंड में भी आई थी। हर साल हमारे देश व दुनिया में ऐसी कई आपदाएं आती रहती हैं, जिनसे जान-माल का काफी नुकसान होता है। इसकी भरपाई कर पाना आसान नहीं होता। बाढ़, तूफान, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

कब शुरू हुआ

यूनाइटेड नेशंस ने इंटरनेशनल डे फॉर नेचुरल डिजास्टर रिडक्शन मनाने की घोषणा की थी। यूएन की जनरल एसेंबली ने 1989 में इसकी शुरुआत की। 21 दिसंबर 2009 को यूएन जनरल असेंबली ने यह फैसला किया कि प्रतिवर्ष 13 अक्टूबर को ही यह दिवस मनाया जाए। तो इस साल से तुम भी इस दिन को मनाओ। अपने टीचर्स और मम्मी-पापा से पूछो कि आपदा आने पर क्या उपाय किए जा सकते हैं।

बॉबी देओल नहीं बनेंगे रामायण में कुंभकरण! नहीं मिला है कोई ऑफर

बॉबी देओल की इन दिनों खूब चर्चा है। संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने छोटे से कैमियो में उन्होंने गजब धमाल मचाया। इस बीच खबर आई कि दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की रामायण में बॉबी को रावण के भाई कुंभकरण का रोल ऑफर किया गया है। लेकिन अब नई रिपोर्ट यह बताती है कि एक्टर को ऐसा कोई रोल ऑफर नहीं हुआ है। रणबीर कपूर इस रामायण में भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं, जबकि साईं पल्लवी पर्दे पर मां सीता बनेंगी। यश इसमें रावण बनेंगे। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। बॉबी देओल की टीम से इस बारे में बात की। उनकी टीम ने इस तरह की अटकलों का खंडन किया है। टीम का कहना है कि बॉबी को नितेश तिवारी की रामायण में ऐसा कोई रोल ऑफर नहीं किया गया है।

कैकेयी के रोल में दिखेंगी लारा दत्ता!

इससे पहले पिंकविला की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रामायण की कास्ट में नए नाम जुड़े हैं। इनमें राजा दशरथ की तीसरी पत्नी और मां राजकुमारी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता को कास्ट किया गया है। जबकि रावण के छोटे भाई कुंभकरण की भूमिका के लिए बॉबी देओल को लगभग फाइनल कर लिया गया है। रामायण की कहानी में कुंभकरण वह किरदार है, जो खूब खाता और सोता था। वह छह महीने सोता रहता था और छह महीने जगता था। रिपोर्ट में कहा गया गया लारा दत्ता से कैकेयी के रोल के लिए बातचीत आखिरी चरण में है। जबकि बॉबी देओल एनिमल की सफलता के बाद कई ऑफर्स पर विचार कर रहे हैं, इनमें रामायण भी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मेकर्स फिल्म में भगवान हनुमान के किरदार के लिए सनी देओल के नाम पर विचार कर रहे हैं। मेकर्स को उम्मीद है कि दिवंगत एक्टर दारा सिंह ने जिस तरह टीवी पर हनुमान के किरदार को अमर कर दिया, उसी तरह का जादू सनी देओल भी चला सकते हैं।

पर्दे पर हनुमान जी का लंगोट धारण करते ही मेरे अंदर पॉजिटिविटी आ जाती है

छोटे पर्दे पर संकट मोचन महाबली हनुमान, कर्मफल दाता शनि जैसे शोज में बजरंग बली की भूमिका निभा चुके ऐक्टर निर्भय वाधवा एक बार फिर सीरियल श्रीमद् रामायण में हनुमान जी के रोल में नजर आ रहे हैं। ऐसे में, हमने निर्भय से जाना कि आखिर क्या है उनका इस रोल से खास कनेक्शन?

सबको नहीं मिलता ऐसा मौका

बतौर कलाकार निर्भय को बार-बार एक ही रोल करना दोहराव भरा नहीं लगता? यह पूछने पर वह कहते हैं, बिल्कुल नहीं, बल्कि मुझे तो गर्व होता है कि मेरी एक छाप बन गई है हनुमान जी के रोल में। बड़े से बड़े कलाकारों को भी कई बार जिंदगी में ऐसा लार्जर दैन लाइफ किरदार निभाने का मौका नहीं मिलता, जिसे लोग उसके जाने के बाद भी याद करें। मुझसे पहले बस दारा सिंह जी ने हनुमान जी का रोल कई बार किया है। मैं उनसे तुलना नहीं कर सकता, वो लेजेंड हैं। मैं कोशिश करता हूं कि मैं भी उनके जैसा थोड़ा बहुत अच्छा काम कर जाऊं और ये भगवान की कृपा है कि मैं बार बार ये रोल कर रहा हूं।

लंगोट पहनते ही आ जाती है पॉजिटिविटी

बजरंग बली के गेटअप और मेकअप में लगातार शूटिंग करना कितना चैलेंजिंग होता है? इस सवाल पर निर्भय बताते हैं, जब मैं पहली बार ये रोल कर रहा था तब चैलेंजिंग होता था क्योंकि मेरे डेंचर (नकली दांत) लगते हैं। उससे मेरा चेहरा खिंचा हुआ रहता है, इसलिए मैं ज्यादातर अपने भाव आंखों से दिखाने की कोशिश करता हूं कि मैं गुस्से में हूं या दुखी हूं। बाकी, मेकअप तो अब आधे से एक घंटे में हो जाता है जिसमें मुझे बिल्कुल भी दिक्कत नहीं होती। मेरा मानना है कि हनुमान जी का परिधान या लंगोट धारण करते ही आपके अंदर बहुत ज्यादा पॉजिटिविटी आ जाती है और बड़ी से बड़ी मुश्किल आसान हो जाती है।

हनुमान जी ने दौलत-शोहरत सब दिया

निर्भय अपनी जिंदगी में आए सकारात्मक बदलावों का श्रेय भी हनुमान जी को देते हैं। बकौल निर्भय, हनुमान जी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। जैसे, मैं हमेशा से चाहता था कि मेरे पास बड़ी गाड़ी हो पर लगा नहीं था कि ऐसा हो पाएगा लेकिन हनुमान जी का रोल करने लगा तो वो हो गया। महंगी मोटरसाइकिल आ गई। जबकि, पहले तो हमारे परिवार के आर्थिक हालात ही ऐसे नहीं थे कि हम वो खरीद पाते। मेरे घरवाले सामान्य सी बाइक दिला देते वही बड़ी बात थी। फिर, मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे 30-40 लाख का लोन मिल पाएगा, लेकिन ऐसी सारी चीजें हुई हैं। मेरे लोन पास होने लगे, जो लोग पहले लोन के लिए मना कर देते थे, वो अब आगे बढ़-बढ़कर आते हैं। मेरा पासपोर्ट जल्दी बन गया जो काफी टाइम से अटका हुआ था। मतलब, ऐसे ऐसे काम हुए हैं जिसकी उम्मीद छोड़ दी थी।

26 साल बाद रवीना ने खोला राज, क्यों नहीं की करण जौहर की कुछ-कुछ होता है

रवीना टंडन इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। ये सीरीज जल्द ही स्ट्रीम होने वाली है। रवीना टंडन इन दिनों अपनी वेब सीरीज का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। इसी बीच रवीना ने अपने दिए एक साक्षात्कार में अपने पिछले प्रोजेक्ट्स से जुड़े कई मजेदार खुलासे भी किये। रवीना टंडन ने बताया की उन्होंने करण जौहर की पहली फिल्म कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट कर दिया था। एक इंटरव्यू में कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट करने के पीछे का कारण बताते हुए एक्ट्रेस ने बताया - उस वक्त मुझे समझ नहीं आया। काजोल और मैं उस वक्त एक दूसरे के कॉम्पिटीटर थे। फिल्म में हम दोनों ही लीड रोल में थे लेकिन मेरा रोल काजोल से नीचे था और छोटा था इसलिए मैं इसी नहीं करना चाहती थी।

करण जौहर का ऐसा था रिएक्शन

रवीना टंडन अपनी अपकमिंग वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग को प्रमोट करने में लगी हुई हैं। इस दौरान एक्ट्रेस कई इंटरव्यू दे रहे हैं जहां एक इंटरव्यू के दौरान कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट करने पर करण जौहर के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए कहा -करण आज भी मुझसे उस रोल को ना करने के लिए जवाब मांगता रहता है। मैं उससे कहती हूं कि यार तू मुझसे और कुछ भी करा ले। यही नहीं धर्मा प्रोडक्शन की एक और कोई फिल्म थई जिसे मैं और वरुण सूद साथ में करने वाले थे लेकिन अफसोस ऐसा हो नहीं सका



चार्ली पुथ, जस्टिन बीबर को प्रेरणा मानने वाले अरमान की तमन्ना अब ब्रूनो मार्स के साथ काम करने की है। अरमान ने कहा हिट गानों की ना कोई रेसिपी होती और ना उसे कोई बता सकता है।

हिट गाने की कोई रेसिपी नहीं होती है

कच्ची उम्र में संगीत को ही अपनी जिंदगी बनाकर आगे बढ़ने वाले अरमान मलिक ने प्लेबैक सिंगिंग के बाद अब पॉप म्यूजिक में इंटरनेशनल पहचान बनाने के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक उनके करीब 6-7 इंग्लिश सॉन्ग आ चुके हैं। इनमें से 'यू' और 'कंट्रोल' के लिए उन्हें ईएमए अवॉर्ड भी मिला। चार्ली पुथ, जस्टिन बीबर को प्रेरणा मानने वाले अरमान की तमन्ना अब ब्रूनो मार्स के साथ काम करने की है। अरमान ने कहा हिट गानों की ना कोई रेसिपी होती और ना उसे कोई बता सकता है। बस, जो होता है, वो ऐसे ही हो जाता है। आप ईमानदारी से अपना काम करते रहो और वो लोगों तक पहुंचता जाता है। उससे लोगों के दिलों में जगह बनती है। अगर आपके गाने ने लोगों के दिलों में जगह बना ली तो वह हिट हो गया। अच्छा या हिट गाना बनाने के लिए अलग-अलग साल का पीछे का ट्रैक रिकॉर्ड देखना पड़ता है कि कौन से गाने हिट हुए। उनमें क्या चीज समान थी। उनको कॉमन रखते हुए नया गाना बनाओ तो कहीं ना कहीं एक प्रतिशत समझ में आ जाता कि यह जोन है। अगर उस एरिया या इमोशन से हम कोई गाना बनाएं तो वो लोगों से कनेक्ट करेगा क्योंकि पहले ऐसे ही गाने हुए हैं। हालांकि, यह बस शुरुआती तौर पर हो सकता है, लेकिन हिट गानों की पूरी रेसिपी आप ना किसी को बता पाओगे और ना खुद जान पाओगे।

द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगे विक्रांत मैसी

एक्टर विक्रांत मैसी अपनी फिल्म '12वीं फेल' के चलते खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। पिछले साल रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की इस फिल्म को क्रिटिक्स और फैंस ने खूब प्यार दिया। विक्रांत इसके लीड एक्टर थे और फिल्म की सफलता में उनकी एक्टिंग का बड़ा योगदान रहा। विक्रांत ने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे का सफर तय किया है। उनकी प्रतिभा उनके लिए लगातार आगे बढ़ने के रास्ते बना रही है। अब विक्रांत एकता कपूर की मूवी द साबरमती रिपोर्ट में लीड रोल में नजर आएंगे। उनके अपोजिट राशि खन्ना हैं। फिल्म का डायरेक्शन रंजन चंदेल करेंगे, जो 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा- एक अनकही कहानी के साथ इतिहास को उजागर करने के लिए तैयार हो जाइए, साबरमती रिपोर्ट - 2002 की घटना की एक दिलचस्प यात्रा, जिसने पूरे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी! 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में। फिल्म में 'जवान' फेम एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा का भी अहम रोल रहेगा।

ऋतिक की फाइटर में विलेन बने ऋषभ साहनी

सिद्धार्थ आनंद की फिल्म फाइटर का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर जैसे अहम कलाकार हैं। इन सभी के अलावा ट्रेलर में एक और एक्टर ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है जो फिल्म में विलेन का रोल प्ले कर रहा है। यह हैं एक्टर ऋषभ साहनी, जो 'फाइटर' में विलेन के रोल में नजर आएंगे। ऋषभ ने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। वो शातनु और निखिल समेत कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक कर चुके हैं। भले ही 'फाइटर' से ऋषभ अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे पर इससे पहले वो डिनो मोरिया स्टारर 'द एम्पायर' में बाबर के भाई महमूद का रोल प्ले कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 'कौन बनेगी शिखरवती' और 'बेस्टसेलर' जैसे शोज भी किए हैं। सोशल मीडिया पर भी ऋषभ काफी पॉपुलर हैं। वे वहां आए दिन अपने फोटोशूट और बॉडी बिल्डिंग फोटोज शेयर करते हैं।

करण जौहर ने किया कॉफी विद करण 8 की समाप्ति का एलान

करण जौहर का सेलिब्रिटी चैट कॉफी विद करण 8 दर्शकों के बीच सबसे लोकप्रिय शो में से एक है। कॉफी विद करण के आठवें सीजन में करण ने सितारों की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़े किस्सों का खुलासा कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कॉफी विद करण- 8 के ओपनिंग एपिसोड में दीपिका और रणवीर ने करण के शो की शोभा बढ़ाई थी। वहीं, इसके बाद सनी देओल, बॉबी देओल, आदित्य रॉय कपूर, अर्जुन कपूर समेत कई सितारे दिलचस्प खुलासे करते नजर आएं। शो के होस्ट ने हाल ही में घोषणा की है कि उनका आठवां सीजन खत्म होने जा रहा है।

अंतिम एपिसोड होगा कॉफी अवार्ड्स

करण जौहर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी कॉफी विद करण के आठवें सीजन खत्म होने की घोषणा की है। उन्होंने लिखा, सेलिब्रिटी चैट अब खत्म होने जा रहा है, हमारे सभी 12 एपिसोड टॉप पर रहे। अब हमारा अगला और अंतिम एपिसोड कॉफी अवार्ड्स होगा।

ये सितारे आए नजर

उन्होंने आगे कहा, कॉफी विद करण के आठवें सीजन में हमने दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, शर्मिला टैगोर, जान्हवी कपूर, खुशी कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, आदित्य रॉय कपूर, अर्जुन कपूर समेत कई सितारो से बातचीत की। वहीं, हालिया एपिसोड में बॉलीवुड इंडस्ट्री की दो दिग्गज अभिनेत्रियां जीनत अमान और नीतू कपूर नजर आई थीं।

12वीं फेल स्टार मेधा शंकर ने दर्शकों का जताया आभार

विक्रांत मैसी और मेधा शंकर स्टारर 12वीं फेल साल 2023 की सुपरहिट फिल्मों में शुमार रही। बेहतरीन कहानी और कलाकारों के शानदार अभिनय से इस फिल्म ने धमाल मचा दिया। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों ने खूब सराहा और अपनी रिलीज के 12 हफ्ते बाद भी 12वीं फेल थिएटर में जमी हुई है।

मेधा शंकर ने इस फिल्म में अपने किरदार को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर दर्शकों का आभार व्यक्त किया। मेधा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को धन्यवाद कहा। वीडियो शेयर करते हुए मेधा ने लिखा, यह अब हमारी फिल्म नहीं आपकी फिल्म है, आपने इस फिल्म को ढेर सारा प्यार दिया, उसके लिए धन्यवाद। 12वीं फेल 12 हफ्तों से लगातार सिनेमाघरों में चल रही है! कृपया इसे अपने नजदीकी थिएटर में जाकर देखें। अपने दोस्तों और परिवार के साथ बड़े पर्दे पर इस जादुई फिल्म को एन्जॉय करें। आप सभी को ढेर सारा प्यार, हर चीज के लिए धन्यवाद। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म आईपीएस मनोज शर्मा की सच्ची कहानी पर आधारित है। जिसमें मेधा शंकर ने मनोज शर्मा की पत्नी और आईआरएस श्रद्धा जोशी की भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी आईपीएस मनोज कुमार शर्मा के जीवन और यूपीएससी उम्मीदवारों के इर्द-गिर्द घूमती है। गौरतलब है कि12वीं फेल को स्वतंत्र नामांकन के तौर पर ऑस्कर 2024 में भेजा गया है।

2024 में केन्द्र में फिर बनवायें मोदी सरकार: डा. महेश शर्मा

दादरी के गांवों में 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रम

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से स्थित ग्रामसभा आगमन पर ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत गौतमबुद्धनगर में विकास की गंगा बह रही है।

सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के तहत दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सलारपुर कलां, दादूपुर खटाना, गलावठी खुर्द, उपरालसी, जारचा, कलौंदा, छायंसा एवं वीरपुरा में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित होकर स्थानीय लोगों से संवाद किया।

सांसद डा. महेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र के दादरी विधानसभा करने पर हृदय से धन्यवाद देता हूं। कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय लोगों से संवाद किया तथा डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरूक करने के साथ ही साथ एक बार पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र में कमल खिलाने का आवाहन किया। एम.एल.सी. (विधायक) शिक्षक सीट (मेरठ-सहारनपुर) श्रीचंद शर्मा ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में विकास कार्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है और

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, चेयरमैन दादरी गीता पंडित, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर विजय भाटी, मंडल अध्यक्ष विचित्र तोमर, विनोद शर्मा, कन्हैया पंडित, मौजीराम नागर, संदीप शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, कपिल पंडित, विपिन भाटी, मनोज शिशौदिया, एच.के. शर्मा, सोमेष गुप्ता, प्रदीप मंगल, अतुल गहलोत कलौंदा, विषाल भारद्वाज, आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

'कार्यकर्ता को पीटने व कांग्रेस का झंडा खींचने वालों पर हो कार्रवाई'

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में नोएडा सेक्टर-85 गोल चक्कर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठ कर भगवान से प्रार्थना की और सीताराम की ध्वनिकर सरकार को सद्बुद्धि आए

इसके लिए भजन गया।

इस अवसर पर नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के कार्यकर्ता अनोखेलाल तिवारी को भाजपा आरएसएस के गुंडो ने मारा पीटा और बदतमीजी की और झंडा खींच करके झंडे का अपमान किया। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

बता दें कि राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने 15 जनवरी मकर संक्रांति के दिन भगवान राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या गए हुए थे वहां पर जिस तरह से भाजपा प्रायोजित गुंडों ने कांग्रेस का झंडा एवं कार्यकर्ता को मारा पीटा उसकी कांग्रेस पार्टी को निंदा करती है। पीसीसी सदस्य सोनू खारी ने कहा की भगवान राम सबके हैं तन में मन में भगवान है और बीजेपी वाले जिस तरह से भगवान राम के नाम पर राजनीति की रोटी सेक रहे हैं। वह पूरी तरह से चुनाव को देखकर काम कर रहे हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव ओबीसी उर्मिला चौधरी, ज़िला उपाध्यक्ष महाराज सिंह नागर, पीसीसी सदस्य रिज़वान चौधरी, महानगर कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा,परमवीर लोहिया, गौरव लोहिया चपरौली, नोएडा सचिव कैप्ट हरलीन बाजवा, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा महासचिव जितेंद्र चौधरी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

1-2 वर्षों में समूचे नोएडा में बिजली के केबिल्स अंडरग्राउंड हो जाएंगे

नोएडा (चेतना मंच)। प्रदेश के शोविंडो तथा आर्थिक व डा. लोकेश एम ने।

उन्होंने बताया कि फिलहाल घनी आबादी वाले सेक्टरों के केबिल अंडरग्राउंड किये जाएंगे। इसके लिए पहले 3 सेक्टरों में यह कार्य किया जाएगा।

सीईओ ने बताया कि अभी इस कार्य के लिए 200 करोड़ रूपये की राशि मंजूर कर दी गयी है। जैसे-जैसे यह योजना परवान होगी यह राशि मंजूर होती रहेगी।

उन्होंने बताया कि समूचे नोएडा में अंडरग्राउंड केबिल करने में 1-2 वर्ष लग जाएंगे। फिलहाल तीन सेक्टरों में अंडरग्राउंड केबिल डालने का कार्य आगामी 1-2 माह में पूरा हो जाएगा। बता दें कि ओवरहेड केबिल के कारण आंधी व बारिश में तार टूटने तथा पेड़ों में करंट आने का हमेशा खतरा बना रहता है। लेकिन अंडरग्राउंड होने से इस समस्या से निजात मिल जाएगी।

फिलहाल तीन सेक्टरों के लिए 200 करोड़ रूपये मंजूर: सीईओ

औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले नोएडा में अब ग्रेटर नोएडा की तरह बिजली के खुले तार (केबिल्स) नजर नहीं आएंगे। अगले 1-2 वर्ष में नोएडा के सभी बिजली के तार अंडरग्राउंड कर दिये जांएगे। यह आश्वासन दिया नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)

नोएडा लोकमंच ने सेक्टर-12 में खोला दवा बैंक

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा लोकमंच द्वारा पुराने बारात घर, ओ ब्लॉक सेक्टर-12 में, स्थानीय व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए मुफ्त दवा बैंक की शुरुआत की गई है।



नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सैना ने बताया कि यहाँ नि:शुल्क दवाएँ उपलब्ध कराने के अलावा, मरीजों के लिए एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक डॉक्टरों और एक्यूप्रेशरिस्ट की सेवाएँ भी उपलब्ध हैं। यह सुविधाएं रविवार को छोड़कर सभी कार्य दिवसों पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध हैं। श्री सक्सेना ने बताया कि आने वाले महीनों में और अधिक डॉक्टरों और विशेषज्ञों को लाने का प्रयास किया जा रहा है।

कमोडोर वी.एम.स्वामी, जो वर्तमान में इस दवा बैंक के कार्य को देख रहे हैं, ने आसपास के क्षेत्रों के डॉक्टरों से अपील की है कि वह जरूरतमंद मरीजों को इस दवा बैंक में निशुल्क दवा प्राप्त करने के लिए भेजें एवं इस परोपकारी सेवा में नोएडा लोकमंच का सहयोग करें।

सफाईकर्मियों ने करवाई कैंप में स्वास्थ्य की जांच

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य जांच के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर लग रहे शिविर के पहले दिन 126 सफाईकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जेपी हॉस्पिटल की टीम ने इन सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी विशु राजा ने बताया कि अगला शिविर 19 जनवरी को आयोजित होगा। उसके बाद 22 जनवरी, 24 जनवरी, 27 जनवरी और 30 जनवरी को भी शिविर लगाए जाएंगे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है ग्रेटर नोएडा और यहां के नागरिकों को स्वस्थ रखने में सफाईकर्मियों का रोल सबसे अहम है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना, हम सभी की जिम्मेदारी है।

सीटू नेता पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। मजदूर नेता सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा पर किए गए जानलेवा हमले के विरोध में विभिन्न मजदूर संगठनों से जुड़े लोगों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

सीटू जिला महासचिव रामसागर ने बताया कि मैसर्स- मानिताऊ इक्यूपमेंट इण्डिया प्रा0लि0, प्लाट नं0-22 उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा कम्पनी प्रबंधक व सहायक प्रबंधक, ठेकेदार, गुंडों एवं मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, ऐक्टू,यूटीयूसी, टीयूसीआई, एलपीएफ, यूपीएलएफ, एसटीएफ, एकेएस, जेएमएम आदि ट्रेड यूनियन संगठनों के संयुक्त आह्वान पर जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम और पुलिस की ओर से एसीपी ने धरना स्थल पर आकर बातचीत किया और ज्ञापन लिया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मजदूरों किसानों ने हिस्सा लिया। मजदूरों के आंदोलन का माकपा, समाजवादी पार्टी, जनवादी महिला समिति, अखिल भारतीय किसान सभा सहित कई अन्य संगठनों ने समर्थन करते हुए अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन में हिस्सा लिया। मजदूर संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि न्याय न मिला तो 16 फरवरी को गौतमबुद्धनगर का औद्योगिक चक्का जाम व हड़ताल की जाएगी।

प्रदर्शन में संतोष तिवारी, मो. नईम, एचएमएस-आर0पी0 सिंह चौहान, रितेश झा, अमर सिंह, नूर आलम, उदय चंद्र झा, राम नरेश यादव, शेर सिंह, विनोद कुमार, किसान सभा से डॉ. रुपेश वर्मा, जगबीर नंबरदार, कुंवर पाल सिंह, अजी पाल भाटी, वीर सिंह नागर, प्रशांत भाटी, सतीश यादव, सेलकराम भाटी, सपा से मोहित नागर, जनवादी महिला समिति से रेखा चौहान, चंदा बेगम, गुड़िया देवी, आशा यादव, सीटू से रामसागर, मुकेश कुमार राघव, लता सिंह, रामस्वारथ, पूनम देवी, हुकुम सिंह, रामकिशन, हरी गुप्ता, राष्ट्रीय शहरी ग्रामीण विकास समिति से हरगोविंद सिंह, लायक हुसैन, रामजी यादव, महिपाल यादव, अजय कुमार, अरविंद आदि मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 21 को निकाली जाएगी शोभा यात्रा

नोएडा (चेतना मंच)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 21 जनवरी को संघ द्वारा शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। संघ के महानगर मंत्री दिनेश महावर ने कहा कि हम भारतवासी बहुत सौभाग्यशाली है जो कि 500 वर्ष के बाद अयोध्या में श्री राम लला का मंदिर बनते हुए हम देख पा रहे हैं। इसलिए हम सब इस ऐतिहासिक पल को इस यात्रा के माध्यम से जन जन तक ले जाना चाहते है। जिससे नोएडा का हर व्यक्ति श्री राम की कृपा प्राप्त कर सके। उन्होंने यात्रा के पथ के बारे में बताया कि यह यात्रा नोएडा हाट के निकट मैदान से निकाली जाएगी और निठारी, अट्टा, नया बांस, हरौला, बांसबल्ली मार्केट, मेट्रो हॉस्पिटल सेक्टर-12, चौड़ा मोड़, 12-22 तिराहा, शिव मंदिर सेक्टर 22, रजत विहार, बिसनपुरा, ममूरा, कंचनजंगा, गिझोड़, होशियारपुर, मोरना शिशु मंदिर,

सेक्टर-12 पर समाप्त होगी।

अंत में विश्व हिन्दू परिषद की महानगर अध्यक्षा श्रीमती छाया सिंह ने सभी नोएडा निवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी मंदिरों में भव्य कार्यक्रम करने की अपील की और सभी पत्रकार बंधुओं को धन्यवाद किया।

प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह अनिल चौहान, विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष सत्यवीर, महानगर कोषाध्यक्ष अनिल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर कार्यवाह व अक्षत वितरण के कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर कार्यवाह व अक्षत वितरण के कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र, महानगर धर्म प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा ने भाग लिया।

ग्रेटर नोएडा में सरकारी जमीन पर बन रहा है मंदिर, नागरिकों ने किया विरोध

नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा शहर की एक सरकारी कालोनी में सरकारी जमीन पर मंदिर बनाने का मुददा चर्चा का विषय बन गया है। इस सरकारी कालोनी में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी रहते हैं। ग्रेटर नोएडा शहर के लगभग तीन दर्जन नागरिकों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एन.जी. को पत्र लिखकर सरकारी जमीन पर मंदिर के निर्माण को रूकवाने की मांग की है। नागरिकों ने आशंका व्यक्त की है कि मंदिर के निर्माण से इस क्षेत्र में तनाव व टकराव पैदा हो सकता है।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहर के तीन दर्जन नागरिकों के हस्ताक्षर से युक्त एक पत्र ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एन.जी. को सौंपा गया है। इस पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्रेटर नोएडा की सरकारी कालोनी में अवैध रूप से मंदिर बनाया जा रहा है। इस मंदिर के निर्माण से पूरी कालोनी में तनाव व टकराव का वातावरण बन गया है। पत्र में इस मुददे पर तुरंत कार्यवाही करने की मांग की गयी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एन.जी. को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा सैक्टर ईटा-1 में प्राधिकरण के कर्मचारियों के निवास के लिए स्टाफ कॉलौनी का निर्माण किया गया है। जिसमें प्राधिकरण के अधिकारी/कर्मचारी के अतिरिक्त अन्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी भी निवास करते हैं। अन्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा टाईप-2 के भवनों के सामने एक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसके बारे में प्राधिकरण के अधिकारियों को कई बार लिखित व मौखिक रूप से बताया गया कि यह एक सरकारी कॉलोनी है इसमें प्राधिकरण की बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैध है किन्तु परियोजना विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यहाँ पर अवैध निर्माण कार्य (मंदिर निर्माण) प्रगति पर है।

सीईओ को लिखे पत्र में कहा गया है कि स्टाफ कॉलोनी में सभी समुदाय के लोग निवास करते हैं तथा हर व्यक्ति किसी न किसी धर्म में आस्था रखते है यदि हर समुदाय का व्यक्ति अपने-अपने धर्म के अनुसार मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्वारा आदि का निर्माण करने लगेगा तो कॉलोनी में साम्प्रादायिक माहौल बिगड़ने की प्रबल सम्भावना है तथा आपस में लडाई व झगडा भी हो सकता है। इसलिए कालोनी में अवैध रूप से बनाए जा रहे मंदिर के निर्माण को तुरंत रूकवाया जाए तथा परियोजना विभाग के जिन अधिकारियों की इसमें मिलीभगत है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए।